29 अगस्त 2025
शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



बक्सर के शिक्षा विभाग में नहीं चलने दिया जाएगा भ्रष्टाचार व माफियागिरी : शिक्षा मंत्री



## नैशनल हेरल्ड का केस में गांधी परिवार जेल में क्यों नहीं : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उसी विपक्षी गठबंधन में शामिल हैं। जिसकी अगुवा कांग्रेस पार्टी है। फिर भी केजरीवाल ने संकेतों में कहा कि कांग्रेस ने बीजेपी से समझौता कर लिया है। क्योंकि नैशनल हेरल्ड केस में गांधी परिवार और हरियाणा जमीन घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा पर कानूनी तलवार लटकी है। कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने इशारों में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से अंदरखाने समझौता कर लिया है। इसी वजह से गांधी परिवार पर कोई आंच नहीं आ रही है। केजरीवाल के मुताबिक, नैशनल हेरल्ड के मामले में गांधी परिवार का गुनाह साफ-साफ झलक रहा है। फिर भी किसी को जेल नहीं हुई है। तो कुछ गुपचुप समझौता तो है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते की राजनीति चलती नहीं है और जनता इसे अच्छे से समझती है। उन्होंने कहा कि नैशनल हेराल्ड केस की चर्चा जोर पकड़ी तो उन्होंने इंटरनेट पर इसके बारे में जानकारी जुटाई। केजरीवाल ने कहा कि मैंने इंटरनेट पर जाकर पढ़ा कि क्या है नैशनल हेराल्ड। सुनने में तो काफी खतरनाक लगता है। जो उसके फैक्ट्स हैं, उससे तो लगता है कि ओपन और शट केस है। बिल्कुल फर्जी केस बनाकर इन्होंने मुझे जेल भेज दिया, लेकिन गांधी परिवार में से कोई जेल नहीं गया अब तक।

### केजरीवाल ने बीजेपी से कहा, अब रॉबर्ट वाड्रा के केस का क्या हुआ?

केजरीवाल यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा का भी नाम लिया। उन्होंने बीजेपी से सवाल किया कि 2014 का लोकसभा चुनाव में रॉबर्ट वाड्रा के हरियाणा में जमीन घोटाले का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था, लेकिन अब पार्टी चुप है। उन्होंने कहा, ह्यमुझे याद है कि 2014 का चुनाव ये जीजा जी, जीजा जी के नाम से जीते थे, अब कुछ नहीं है।

### केजरीवाल का आरोप, कांग्रेस ने बीजेपी के साथ समझौता कर लिया

पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने साफ-साफ कहा कि कांग्रेस और बीजेपी में आपसी तालमेल है जिसे जनता समझ रही है। उन्होंने कहा कि केस बंद हो गया, कोयला घोटाले का केस बंद हो गया। केस ही बंद हो गए। कुछ तो है। जनता बेवकूफ नहीं है, जनता सब समझती है। जनता में चर्चा चल रही है कि कांग्रेस और बीजेपी के बीच में गठबंधन है। उन्होंने संकेतों में कहा कि गांधी परिवार ने जेल जाने से बचने के लिए बीजेपी से समझौता कर लिया, लेकिन वो और उनकी पार्टी कभी अपने हित में किसी से समझौता नहीं करेंगे, समझौता करेंगे तो देशहित के लिए।

### मेरे घर पांच-पांच बार बिजली जाती है : केजरीवाल

बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में छह महीने से इनकी सरकार है. आज जनता आम आदमी पार्टी की सरकार को याद कर रही है. मैं लुटियन दिल्ली में रहता हूं जो बिल्कुल प्राइम इलाका है. मेरे घर रोज पांच-पांच बार बिजली जाती है. बच्चों की फीस बढ़ गई है. सड़कें टूटी पड़ी हैं. सीवर जाम पड़े हैं. झुग्गियां तोड़ रहे हैं. गरीबों का तो जीना हराम कर दिया है।

## मैंने कभी नहीं कहा कि 75 साल में रिटायर हो जाना चाहिए: भागवत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के 100 साल पूरा होने के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कई सवालों के जवाब दिए हैं। इस दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से जब पूछा गया कि 75 साल के बाद क्या राजनीति से सेवानिवृत हो जाना चाहिए। इस पर मोहन भागवत ने कहा कि, मैंने कभी नहीं कहा कि मैं सेवानिवृत्त हो जाऊंगा या किसी और को 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आगे कहा कि मैंने ये बात संघ के वरिष्ठ प्रचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले के बयान का हवाला देते हुए उनके विचार रखे थे। मैंने ये नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाऊंगा या किसी और को रिटायर हो जाना चाहिए। हम जिंदगी में किसी भी समय रिटायर होने के लिए तैयार हैं और संघ हमसे जिस भी समय तक काम कराना चाहेगा, हम संघ के लिए उस समय तक काम करने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमें नौकरी दी जाती है, हम चाहें या न चाहें। अगर मैं 80 साल का हूं और संघ कहता है कि जाओ और शाखा चलाओ, तो मुझे करना ही होगा। संघ जो भी कहता है, हम करते हैं। यह किसी की सेवानिवृत्ति के लिए नहीं है। हम सेवानिवृत्त होने या काम करने के लिए तैयार हैं। जब तक संघ चाहता है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ 35 साल के किसी व्यक्ति को भी कह सकता है कि आप दफ्तर में बैठकर काम करो। संघ में हमें जो कहा जाता है, हम करते हैं। हम ये नहीं कहते कि मैं ये करूंगा, ये नहीं करूंगा। यहां इसकी इजाजत नहीं है।

दरभंगा में राहुल गांधी की यात्रा के दौरान पीएम मोदी की माता हीराबेन पर अभद्र टिप्पणी के मामले में

## राहुल और तेजस्वी को नोटिस, पीएम मोदी की मां को मंच से गाली पर महिला आयोग ने लिया एक्शन



**एजेंसी। दरभंगा**

दरभंगा में राहुल गांधी की यात्रा के दौरान पीएम मोदी की माता हीराबेन पर अभद्र टिप्पणी के मामले में बिहार महिला आयोग ने राहुल और तेजस्वी को नोटिस भेजा। महिला आयोग ने दरभंगा के डीएम से भी जवाब तलब किया है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता हीराबेन मोदी को लेकर मंच से की गई अभद्र टिप्पणी पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले पर बिहार राज्य महिला आयोग ने स्वतरू संज्ञान लेते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व राजद नेता तेजस्वी यादव दोनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। महिला आयोग ने दरभंगा के डीएम को पत्र लिखकर पूरे मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. मामला दरभंगा का है, जहां राहुल गांधी की यात्रा के दौरान विपक्षी नेताओं ने स्वागत मंच से हीराबेन मोदी को लेकर असंवेदनशील टिप्पणियाँ कीं और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों में बवाल मच गया। कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बिहार के दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सारी मयार्दाएं टूट गईं।

### मंच से मोदी की मां को गाली, राहुल बिल्कुल चुप

सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग समेत विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के लिए अपशब्दों के इस्तेमाल से आगे अब गाली-गलौच की भाषा का उपयोग ही राहुल गांधी के नए राजनीतिक तेवर की पहचान है? यह सवाल इसलिए कि खुलेआम प्रधानमंत्री को मंच से गाली दिए जाने के घंटों बाद भी राहुल गांधी की तरफ से कोई बयान तक नहीं आया है।

### महिला आयोग हुआ सख्त

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ अप्सरा ने कहा कि किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चाहे वह किसी भी परिवार या पद से जुड़ी क्यों न हों। उन्होंने इस कृत्य को लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन बताया और कहा कि इस तरह के बयान समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश देते हैं। आयोग ने इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि नेताओं की यह जिम्मेदारी है कि राजनीतिक मंचों को महिलाओं के खिलाफ बयानबाजी का अखाड़ा न बनाया जाए। आयोग ने चेतावनी दी कि भविष्य में अगर इस तरह की घटना दोहराई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिला आयोग ने दरभंगा के इस पूरे प्रकरण ने बिहार की राजनीति में नया तूफान खड़ा कर दिया है और बीजेपी ने इसे महिलाओं के सम्मान से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए विपक्ष पर सीधा हमला बोला है।

### घृणा का पर्याय बन गई है राहुल की बिहार यात्रा: बीजेपी

बिहार प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया कि महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा अपमान, घृणा और स्तरहीनता की सारी हदें पार कर चुकी है। बिहार भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई।




## महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में दर्दनाक हादसा ट्रक-ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत

**एजेंसी। चंद्रपुर**

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के राजुरा तहसील में शुक्रवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें छह लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा राजुरा क्षेत्र में हुआ, जहां ऑटो रिक्शा में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले की राजुरा तहसील में एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की टक्कर में तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना राजुरा-गढ़चंदूर रोड पर कपनगांव के पास हुई। जिसमें दो लोग घायल भी हुए हैं। सात यात्रियों को लेकर ऑटोरिक्शा



राजुरा से पचगांव जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। राजुरा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब ऑटोरिक्शा कपनगांव के पास पहुंचा। तो विपरीत दिशा से आ रहा एक ट्रक उससे टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूरा ऑटोरिक्शा आगे से चकनाचूर हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया। उनमें से तीन की पहले ही मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि तीन घायलों को चंद्रपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## अमेरिकी टैरिफ विवाद के बीच जापान रवाना हुए पीएम मोदी

### कहा- रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर होगा फोकस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जापान और चीन के पांच दिवसीय दौरे रवाना हो गए। पीएम मोदी के दौरे का मुख्य एजेंडा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करना है। अमेरिकी टैरिफ विवाद के बीच हो रही पीएम मोदी की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है। पीएम मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे। जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनकी मुलाकात कई देशों के प्रमुख से होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर मैं 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। हम इस यात्रा के दौरान अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान देंगे। हमारी रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी ने पिछले 11 वर्षों में निरंतर और महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हम अपने सहयोग को नई ऊंचाई पर पहुंचाने, आर्थिक और निवेश संबंधों के दायरे तथा महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं सेमीकंडक्टर समेत नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## असाधारण सेवा और वीरता के लिए सीआरपीएफ के 39 कर्मी सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली में गुरुवार को सीआरपीएफ के कार्मिकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ 39 कर्मियों को अटूट निष्ठा, उनकी बहादुरी और बल की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया। शौर्य ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, वसंत कुंज में सीआरपीएफ के कार्मिकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष



अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बल के 39 कर्मियों को अटूट निष्ठा, उनकी बहादुरी और बल की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखने के लिए सम्मान से नवाजा गया है। इन कार्मिकों ने विभिन्न जगहों पर असाधारण सेवा, वीरता और कार्यकुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रवीण वशिष्ठ, विशेष सचिव (आन्तरिक सुरक्षा) ने पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किया। विशेष सचिव (आन्तरिक सुरक्षा) प्रवीण वशिष्ठ ने इस अवसर के महत्व को रेखांकित करते हुए पदक विजेताओं के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। इस समारोह के दौरान कुल 39 कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

### इन-इन पदकों से किया गया सम्मानित

इनमें आतंकवादियों और माओवादियों के खिलाफ उनकी वीरतापूर्ण कार्यों के लिए 10 वीरता पदक, कर्तव्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाली असाधारण सेवा के लिए 27 सराहनीय सेवा पदक और खुफिया जानकारी एकत्र करने में उनके असाधारण योगदान के लिए 2 असाधारण आसूचना कुशलता पदक शामिल हैं।



### समाहरणालय बक्सर में राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

# विशेष पुनरीक्षण 2025, 30 सितंबर को होगी अंतिम मतदाता सूची जारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर बक्सर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. विद्यानन्द सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। निर्वाचन पदाधिकारी ने



जानकारी दी कि अर्हता तिथि 01 जुलाई को आधार मानकर 01 अगस्त को प्रारूप निर्वाचक सूची प्रकाशित कर दी गई है। अब 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। इन सभी दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 25 सितंबर 2025 तक कर लिया जाएगा। इसके बाद गुणवत्ता जांच और डेटाबेस अद्यतन की प्रक्रिया पूरी कर 30 सितंबर 2025 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

**विधानसभावार मतदाताओं की संख्या**

प्रारूप सूची के अनुसार जिले की चारों विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या

199-ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र में पुरुष 1,77,987, महिला 1,58,482, तृतीय लिंग 02, कुल 3,36,471

200-बक्सर विधानसभा क्षेत्र में पुरुष 1,46,952, महिला 1,33,072, तृतीय लिंग 04, कुल 2,80,028

201-डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में पुरुष 1,67,735, महिला 1,49,138, तृतीय लिंग 02, कुल 3,16,875

202-राजपुर (अ.जा.) विस क्षेत्र में पुरुष 1,72,661, महिला 1,58,180, तृतीय लिंग 01, कुल 3,30,842

-- राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध

बैठक में सभी दलों को उपलब्ध प्रपत्र-9, 10 और 11 की प्रतियां प्रदान की गईं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने में राजनीतिक दलों की सक्रिय भूमिका अहम है। इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त किए जाने की आवश्यकता है, ताकि वे बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर सूची से छूटे नाम जोड़ने में सहयोग करें।

सभी दलों को पहले से उपलब्ध कराई गई सूची का उपयोग करते हुए अपने-अपने बीएलए के माध्यम से निर्धारित तिथि तक सहयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना ही इस विशेष पुनरीक्षण का मूल उद्देश्य है। जनता से अपील की गई है कि जिनका नाम सूची में नहीं है वे शीघ्र दावा दर्ज कर सुनिश्चित करें कि लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी भागीदारी बनी रहे।

## एक नजर

### पड़ोसी के घर चोरी मामले में आरोपी को तीन साल की सजा

**बक्सर।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवेश कुमार की अदालत ने बक्सर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 542/2023 के अभियुक्त प्रशांत तिवारी को दोषी करार देते हुए तीन वर्षों के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने अभियुक्त पर अर्थदंड भी लगाया है। निर्धारित जुमार्ना अदा न करने पर उसे छह माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। मामला 19 दिसंबर 2023 की रात का है। अभियुक्त प्रशांत तिवारी अपने पड़ोसी अरविंद कुमार तिवारी के घर में घुस गया था। उसने घर से 30 हजार रुपये नकद और अरविंद के पुत्र के गले से सोने का लॉकेट निकाल लिया। चोरी की घटना के दौरान घर में शोरगुल मचने पर परिजनों ने साहस दिखाते हुए अभियुक्त को मौके पर ही पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। अदालत में अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों की गवाही प्रस्तुत की। गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी माना और भारतीय दंड संहिता की धारा 380 (चोरी), 457 (गृहभेदन) और 411 (चोरी की संपत्ति रखने) के तहत तीन-तीन साल की सजा सुनाई। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जिला अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी और सहायक अभियोजन पदाधिकारी अपूर्वा सिंह ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। अदालत ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को स्वीकार करते हुए अभियुक्त को कठोर कारावास की सजा दी।

### नया भोजपुर में आत्मा ने आयोजित किया किसान पाठशाला

**डुमरांव।** आत्मा द्वारा गुरूवार को नया भोजपुर में संकर मक्का की खेती को लेकर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पाठशाला में पंचायत की महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही जिससे आत्मा के लोग काफी खुश थे। इसका आयोजन कृषि प्रोधोगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा बक्सर द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक कल्याणी कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक विवेकानंद उपाध्याय, कृषि समन्वयक मृत्युंजय मिश्रा, किसान सलाहकार दिलीप कुमार की उपस्थिति में प्रगतिशील किसान आशुतोष पाण्डेय के दलान पर 25 चयनित किसान एवं अन्य नवाचार किसानों के बीच किसान पाठशाला आयोजित किया गया। किसानों को संकर मक्का से जुड़ी आवश्यक समसामयिक जानकारी देते हुए सहायक तकनीकी प्रबंधक विवेकानंद उपाध्याय ने किसानों को बताया की संकर मक्का की खेती समय पर एवं उपयुक्त जलवायु में आवश्यकतानुसार संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से अच्छा उत्पादन प्राप्त करते हुए अच्छी आमदनी कर सकते हैं। किसानों को बीज बोने से पहले बीज शोधन करने की जानकारी एवं सुझाव दिया गया जिससे काफी रोगों से फसलों को बचाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि समन्वयक नें किसानों को बताया की प्रकृति को देखते हुए किसान संकर मक्का की जीरो टिलेज विधि से बुआई करें तो ससमय बुआई भी हो जायेगी और लागत भी कम लगेगा जिससे कुल शुद्ध मुनाफा अधिक होगा। किसानों को बताया गया की किसान अपनी खेती में ज्यादा से ज्यादा गोबर की खाद, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि का प्रयोग करें जिससे उर्वरकों में होने वाले खर्च को कम करते हुए अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।अंत में अगले सत्र की जानकारी देते हुए श्री उपाध्याय नें किसानों को बताया की किसान पाठशाला का अगला सत्र 4 सितम्बर को आयोजित होगा जिसमें खरपतवार प्रबंधन, रोग बीमारी, एवं कीटो के प्रकोप से मक्के की फसल को बचाने के तौर तरीकों पर चर्चा किया जायेगा।

### प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव ने विरोधियों पर बोला हमला, कहा

# नीतीश कुमार ने अंबेडकर, लोहिया और जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया : रत्नेश सदा

- एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में विपक्ष पर हमला, विकास कार्यों को गिनाया
- जन सुराज पर करारा प्रहार, नीतीशद्दमोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के धनसोई कॉलेज परिसर में गुरूवार को एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की, जबकि संचालन जदयू अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। सम्मेलन में शामिल नेताओं ने कार्यकताओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक नीतियों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकताओं को सौंपी।

पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए ने हमेशा गठबंधन धर्म निभाया है। जनता का भरोसा और सहयोग मिलने से ही विकास के रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव आते ही जनता को भ्रमित



करने की कोशिश करता है, लेकिन कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सजग रहना होगा।

**पहले का बिहार और आज का बिहार में बताया अंतर**

निबंधन एवं उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि पहले बिहार बदहाल था। सड़क, पुल, अस्पताल और उद्योग धंधे सब अस्त-व्यस्त थे। नीतीश कुमार ने सत्ता संभालने के बाद अंबेडकर, लोहिया और जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने दावा किया कि दलित, महादलित और अल्पसंख्यक समुदायों को सत्ता में भागीदारी देकर समाज में बदलाव की शुरूआत हुई। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे ह्लदीमक और डेंगू मच्छरह्व की तरह बिहार को खोखला करना चाहते हैं। जन सुराज पर भी प्रहार करते हुए कहा कि यह बहरूपिया संगठन है, जिसने जहां भी साथ दिया, वहां नुकसान ही किया।

**एकता ही ताकत है**

पूर्व राज्यसभा सांसद कहकसा परवीन ने कार्यकताओं से अपील की कि भेदभाव को भूलकर एकता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने टूटे हुए बिहार को जोड़ा है और पीएम मोदी ने भी बिहार के विकास में अहम योगदान दिया है। वहीं, पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा ने कहा कि पिछली गलतियों को दोहराने से बचना होगा। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले की सरकार ने आरक्षण का लाभ नहीं दिया, जबकि नीतीश सरकार ने सबको बराबरी का अवसर दिया।

राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने गठबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि एनडीए एक मुट्ठी की तरह है, जिसे कोई अलग नहीं कर सकता। विपक्ष की तुलना बुझते दीपक से करते हुए कहा कि उनमें अब लड़ाई लड़ने की ताकत नहीं बची है।

### जननायक का अपमान बर्दाश्त नहीं

वक्ताओं ने लालू-राबड़ी शासनकाल पर भी तीखा हमला बोला। उनका कहना था कि उस दौर में अपराध चरम पर था और बिहार को दूसरे राज्यों में अपमान झेलना पड़ा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा गया कि एक ह्लराजकुमारह्व खुद को जननायक कहलाना चाहते हैं, जबकि असली जननायक कपूर्री ठाकुर हैं, जिन्हें एनडीए ने भारत रत्न दिलवाया।

### विकास की गाथा हर गांव तक

सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने गांव-गांव तक विकास की लकीर खींच दी है। उज्ज्वला योजना से घर-घर में गैस पहुंचा, सड़क और बिजली का जाल बिछाया गया। वहीं, सांसद लवली आनंद ने कहा कि पहले बिहार सुरक्षित नहीं था, आज बिहार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को दो राजकुमार पप्पू और गप्पू कहकर तंज कसा और कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को विपक्ष के बहकावे से बचाएं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संजय पटेल ने किया। पूरे सम्मेलन में एनडीए नेताओं का मुख्य संदेश यही रहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूती से डटे रहें और जनता को भ्रम फैलाने वाली ताकतों से सावधान करें।

## जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से शसक्त एवं आत्म निर्भर बनाने को लेकर सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जीविका दीदियों को आत्म निर्भर बनाने को लेकर उन्हें हर क्षेत्र में शसक्त बनाया जा रहा है। इसी को लेकर नावानगर में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जीविका जिला परियोजना प्रबंधक शदयानिधि चौबे, बीडीओ मनोज कुमार, बीपीएम पप्पू प्रसाद तथा संकुल संघ अध्यक्ष रीना देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य को बीपीएम ने बतलाया कि प्रखंड नावानगर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी विद्यार्थियों को वर्ष में दो ड्रेस जीविका दीदियों द्वारा उपलब्ध कराना



है। प्रशिक्षित दीदियों के हाथ में हुनर के साथ वर्ष भर गांव में रह कर कार्य करने का मौका मिलेगा साथ ही आय अर्जित कर आर्थिक रूप से शसक्त होगीं। वहीं बीडीओ नावानगर द्वारा दीदियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण लेने तथा अवसर का सत प्रतिशत उपयोग करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए शुभकामनाएं दी गई। वहीं जीविका जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा दीदियों को प्रशिक्षण के साथ गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने तथा सिलाई सेंटर खोलने की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया बताया गया कि इस तरह के सेंटर से लगभग 100 दीदियों को रोजाना कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर अन्य जीविका दीदिया भी उपस्थित रही।

## डुमरांव में पप्पू यादव की अगुवाई में वोटर अधिकार यात्रा का आह्वान

**केटी न्यूज/केसठ**

डुमरांव विधानसभा क्षेत्र से लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता अधिकारों की आवाज को बुलंद करने के लिए एक ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को नया बाजार में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजद केसठ गुड्डू सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार यादव उर्फ.पप्पू यादव मौजूद रहे।सभा में वक्ताओं ने कहा कि 30 अगस्त को आरा के रमना मैदान में होने वाली वोटर अधिकार यात्रा सिर्फ. एक सभा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक बड़ा आंदोलन है। इसमें राहुल गांधी और बिहार के युवा नेता तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के शीर्ष नेता शामिल होंगे। नेताओं ने चेतावनी दी कि जैसे महाराष्ट्र में जनता के मत की चोरी कर सरकार बनाई गई, वैसे ही बिहार में भी गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के वोटों को काटने की साजिश हो रही है। इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा।वक्ताओं ने कहा कि यह चुनाव आयोग और सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोंटने का कुचक्र है, जिसे जनता के सहयोग से बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि हर नागरिक अपने वोट की रक्षा करे, क्योंकि यही उसकी ताकत और अधिकार है।

सभा में आजाद अहमद, रजनीश कुमार सिंह, रियाज खान, बीरेंद्र सिंह, विक्की कुमार, जयराम यादव, घुमन दुबे, आकाश विजय यादव, खुशीलाल ठाकुर और बिनोद एकरार अहमद समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# आत्मा की पहल, किसान-वैज्ञानिक संवाद से बढ़ेगा कृषि उत्पादन

- खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में आत्मा (आत्मनिर्भर कृषि मिशन) की ओर से संयुक्त कृषि भवन सभागार में गुरवार को दो दिवसीय किसान-वैज्ञानिक वातालर्प कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा धर्मेंद्र कुमार, उप परियोजना निदेशक रणधीर कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रामकेवल एवं हरगोविंद जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र




कुमार ने कहा कि यह वातालर्प किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। खरीफ मौसम की फसलों से जुड़े किसानों के सवालों का सीधा जवाब वैज्ञानिक देंगे। इससे किसानों को अपने खेत में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा और उत्पादन की गुणवत्ता व मात्रा दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आत्मा का लक्ष्य है कि किसान वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग कर आत्मनिर्भर बनें।

**फसलों के प्रबंधन पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन:** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रामकेवल एवं हरगोविंद जायसवाल ने खरीफ मौसम की फसलों जैसे धान, मक्का, दलहन व तिलहन की उन्नत खेती की तकनीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जलवायु अनुकूल कृषि पद्धति, रोग व कीट प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार पर विशेष बल दिया। साथ ही किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए समय पर बुआई, संतुलित खाद व आधुनिक उपकरणों के उपयोग की सलाह दी।

**अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों की सक्रिय भागीदारी**

इस अवसर पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डुमरांव शालिग्राम सिंह, आत्मा कर्मी विकास कुमार राय, त्रिपुरारीशरण सिन्हा, रघुकुल तिलक भी मौजूद रहे। वहीं प्रगतिशील किसान दशरथ सिंह, गणेश पांडेय और मनोज कुमार ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जिले के लगभग तीस किसानों ने सक्रिय भागीदारी कर वैज्ञानिकों से प्रश्न पूछे और तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

### किसान-वैज्ञानिक संवाद का महत्व

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के संवाद से किसानों में जागरूकता बढ़ेगी और वे परंपरागत खेती की चुनौतियों से बाहर निकलकर वैज्ञानिक पद्धति अपनाएंगे। कृषि विभाग का भी मानना है कि आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ेगा। कुल मिलाकर, आत्मा द्वारा आयोजित यह किसान-वैज्ञानिक वातालर्प कार्यक्रम किसानों के लिए सीखने, समझने और वैज्ञानिक तकनीकों को व्यवहार में लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः– सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव

मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएं:
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 सालों से चल रही है सुशासन व न्याय की सरकार

# बक्सर के शिक्षा विभाग में नहीं चलने दिया जाएगा भ्रष्टाचार व माफियागिरी : शिक्षा मंत्री

- शिक्षा मंत्री से मिल केशव टाइम्स के सीईओ ने बक्सर शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व मॉफियागिरी पर किया चर्चा
- बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने के लिए सरकार द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है प्रयास
- शिक्षा विभाग में हाउस कीपिंग एजेंसियों के चयन से लेक अवैध भुगतान तक पर हमारी नजर बनी हुई है होगी सख्त कार्रवाई






**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के शिक्षा विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार, सरकारी धन के लूट-खसोट तथा मॉफियागिरी के खिलाफ राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने संज्ञान लिया है। गुरूवार को केशव टाइम्स के सीईओ अरविंद कुमार उर्फ चुन्नु चौबे उनसे मिल शिक्षा विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार तथा मॉफियागिरी की जानकारी दी तथा केशव टाइम्स द्वारा इस विषय पर चलाए जा रहे अभियान से भी अवगत कराया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन व न्याय की सरकार चल रही है। सभी विभागों मे पारदर्शिता को अपनाने का सख्त निर्देश मुख्यमंत्री दे चुके है। वहीं, शिक्षा विभाग पर मुख्यमंत्री का खास ध्यान है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने के लिए सरकार द्वारा लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है, जिसका सार्थक परिणाम अब दिखाई पड़ रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बक्सर के शिक्षा विभाग कार्यालय में चल रहे मॉफियागिरी के खेल तथा भ्रष्टाचार पर जल्दी ही अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही बक्सर पहुंच इस मामले का खुद निरीक्षण करेंगे तथा अबतक विभाग व जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्रवाईयों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में हाउस कीपिंग एजेंसियों के चयन से लेक अवैध भुगतान तक पर हमारी नजर बनी हुई है। जल्दी ही इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी।

इस दौरान केशव टाइम्स के सीईओ ने शिक्षा मंत्री को बक्सर के शिक्षा विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार, अधिकारियों तथा शिक्षकों के भयादोहन व तथाकथित शिक्षा मॉफिया अजय सिंह व अरविंद की कारस्तानियों को भी बताया। जिसे सुन शिक्षा मंत्री काफी गंभीर हो गए। उन्होंने केशव टाइम्स के सीईओ को आश्वस्त किया कि जल्दी ही इस मॉफियागिरी पर लगाम लगेगी तथा भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, लूट-खसोट तथा मॉफियागिरी के खिलाफ केशव टाइम्स ने मुहिम छेड़ रखा है। पिछले एक पखवाड़े से जारी इस मुहिम के दौरान केशव टाइम्स द्वारा शिक्षा विभाग में सक्रिय तथाकथित मॉफियाओं की दबंगई, हाउस कीपिंग एजेंसियों के चयन में भेदभाव, एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत खातो में अवैध ट्रांजेक्शन तथा मॉफियाओं के दबाव में आकर अधिकारियों द्वारा जांच अवधि में भुगतान आदि कई बिंदुओं पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर चुका है। बावजूद जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग अभी तक ऐसे तत्वों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है।

## लाखों के ट्रांजेक्शन व अवैध चयन के आरोप के बावजूद नहीं हो रही है कार्रवाई

बता दें कि बक्सर के शिक्षा विभाग में कार्यरत हाउस कीपिंग एजेंसी फर्स्ट आइडिया के चयन को शिक्षा विभाग के तीन डीपीओ की संयुक्त जांच रिपोर्ट में गलत साबित किया गया था। इसके बाद बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने इस जांच रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए शिक्षा विभाग के बदले प्रशासनिक अधिकारियों से इसकी जांच कराने की मांग की। जिसके बाद डीएम ने अपर समाहर्ता ( विभागीय जांच ) गिरिजेश कुमार के नेतृत्व में जिला स्तरीय तीन पदाधिकारियों की एक टीम गठित कर हाउस कीपिंग एजेंसियों के चयन व कार्यशैली की जांच का जिम्मा सौंपा। इधर सदर एसडीएम तथा एसडीपीओ को भी शिक्षा विभाग में सक्रिय तथाकथित मॉफियाओं अजय सिंह तथा अरविंद सिंह पर लगे आरोपों की जांच का जिम्मा सौंपा गया। अभी यह जांच चल ही रहा था कि बुधवार आयोजित दिशा की बैठक में जांच के दौरान फर्स्ट आइडिया को स्थापना डीपीओ द्वारा किए गए भुगतान की जांच की मांग हुई तथा डीडीसी के नेतृत्व में एक और एसआईटी का गठन किया गया।

## शीशे की तरह साफ है कई आरोप

बता दें कि हाउस कीपिंग एजेंसी फर्स्ट आइडिया के चयन से लेकर कई ऐसे मामले में है जो शीशे की तरह साफ है तथा केशव टाइम्स पूरे प्रमाण के साथ खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर चुका है। मसलन नावानगर, डुमरांव तथा इटाढ़ी प्रखंडो में पूर्व से कार्यरत हाउस कीपिंग एजेंसी जेकेएसबी स्कील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हटाने से पूर्व फर्स्ट आइडिया से सहमति पत्र लेना तथा जेकेएसबी को शो-कॉज देने की खानापूर्ति कर बिना जबाव मिले उसके जगह पर फर्स्ट आइडिया को वर्क ऑर्डर दिया जाना तथा फर्स्ट आइडिया द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित केनरा बैंक की शाखा से अरविंद सिंह, उसकी पत्नी समेत चार खातों पर किया गया लाखों का ट्रांजेक्शन कुछ ऐसे मामले है, जिनका प्रमाण जांच टीम को खोजने में मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। बावजूद दोषियों पर कार्रवाई के बदले सिर्फ एसआईटी पर एसआईटी का गठन किया जा रहा है। जिससे इस बात की आशंका बढ़ने लगी है कि कही जांच के फेरे में शिक्षा विभाग में मची लूट तथा मॉफियागिरी पर शीघ्र लगाम नहीं लग पाएगी।

## सदर एसडीएम के मना करने के बावजूद शिक्षा विभाग के कार्यालय पहुंचे अरविंद सिंह



- एसडीएम ने जांच के दौरान शिक्षा विभाग के कार्यालय में जाने से पूर्व सूचना देने का दिया था निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के शिक्षा विभाग में सक्रिय तथाकथित माफिया अरविंद सिंह तथा अजय सिंह को विभागीय अधिकारियों के अलावे प्रशासनिक अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना करना सामान्य बात है।

गुरूवार को इसकी बानगी भी देखने को मिली जब अरविंद सिंह शिक्षा विभाग के कार्यालय में देखे गए। जबकि सदर एसडीएम अविनाश कुमार ने उन्हें जांच पूरी होने तक शिक्षा विभाग के कार्यालय में नहीं जाने तथा विशेष जरूरत पर जाने से पूर्व एसडीएम कार्यालय को इसकी सूचना देने का निर्देश दे चुके है, लेकिन एसडीएम के निर्देश का सरेआम उल्लंघन कर अरविंद सिंह न सिर्फ शिक्षा विभाग के कार्यालय में पहुंचे बल्कि अपने मातहतों से बात भी किए।

जानकारों का कहना है कि इनके विभागीय कार्यालय में जाने से जांच प्रभावित हो सकता है। इनके धौंस के आगे विभागीय अधिकारी व कर्मी मौन साध लेते है। पूर्व में इसका प्रमाण भी मिला था जब अजय व अरविंद ने डीईओ के सामने ही तत्कालीन स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ के साथ मारपीट की थी। जानकार बताते है कि ये जांच अवधि में ये कार्यालय में मौजूद साक्ष्यों से भी छेड़छाड़ कर सकते है, जिससे जांच प्रभावित हो सकता है।

इस संबंध में सदर एसडीएम अविनाश कुमार ने बताया कि मुझे ऐसी जानकारी नहीं मिली है। मीडिया के माध्यम से जानकारी होने के बाद इस पर संज्ञान लिया जाएगा कि आखिर वह कैसे निर्देश की अवहेलना कर शिक्षा विभाग के कार्यालय में पहुंचा था।

एसडीएम ने कहा कि दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, भूकंप सुरक्षित निर्माण पर जोर

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर भवन बक्सर में अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ा एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भूकंप सुरक्षित निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करना और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करना था।




कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन सतर्कता और बेहतर तैयारी से उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी क्रम में भूकंप जोखिम शमन एवं तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक में नगर निकाय से जुड़े अभियंता, असैनिक अभियंता, जनप्रतिनिधि, निर्माण सामग्री विक्रेता, भवन निर्माण बार वेंडर्स एवं संवेदक, रेड क्रॉस सोसाइटी, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड, प्रेस एवं मीडिया से जुड़े प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि भवन निर्माण के दौरान तकनीकी मानकों का पालन करना हर इंजीनियर और निर्माणकर्ता की जिम्मेदारी है। यदि निर्माण कार्य नियमों के अनुरूप हो तो भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान जान-माल की क्षति को काफी हद तक रोका जा सकता है।

कार्यक्रम में बीएसडीआरएन ऐप के उपयोग और उसके महत्व पर भी जानकारी दी गई। बताया गया कि यह ऐप आपदा के समय त्वरित सूचना एवं समन्वय स्थापित करने में सहायक है।

अपर समाहर्ता ने अंत में कहा कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से ही आपदा प्रबंधन की सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम न केवल प्रशासन के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होते हैं।

यह आयोजन आपदा प्रबंधन विभाग की पहल पर किया गया, जिसका मूल उद्देश्य जन-भागीदारी बढ़ाकर भूकंप सुरक्षित बक्सर का निर्माण करना है।

# लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए बड़ा अवसर

# 13 सितंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

- न्यायाधीश सह सचिव नेहा दयाल ने दी सख्त हिदायत, विभागों व बैंकों को मामलों की सूची तुरंत जमा करने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने तैयारी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता न्यायाधीश सह सचिव नेहा दयाल ने की, जिसमें बीमा कंपनियों, विभिन्न बैंकों एवं सरकारी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बैठक में सचिव ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत केवल औपचारिकता भर नहीं है, बल्कि लंबित विवादों और सरकारी राजस्व वसूली को तेजी से निपटाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी ओर से ऐसे मामलों की पहचान तुरंत करें जिन्हें लोक अदालत में प्रस्तुत किया जा सकता है और उसकी सूची विधिक सेवा सदन में तत्काल उपलब्ध कराएं।

नेहा दयाल ने कहा कि वर्ष का यह तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत है और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जाए। उन्होंने बताया कि बैंकों और बीमा कंपनियों से जुड़े विवाद, वाहन दुर्घटना मुआवजा, श्रम से संबंधित शिकायतें, बिजली-पानी बिल विवाद, टेलीफोन बकाया और अन्य राजस्व संबंधी मामले इस लोक अदालत में प्रमुखता से सुने जाएंगे।

बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के अभिजीत कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बीएसएनएल, जिला खनन कार्यालय, नापतौल विभाग, श्रम विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। वहीं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की ओर से पैनल अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी मौजूद रहे।

सचिव ने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अवसर को गंभीरता से लें और अधिक से अधिक मामलों को निपटारा कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत से न केवल न्यायपालिका का बोझ कम होता है बल्कि आम जनता को भी त्वरित और सस्ता न्याय मिलता है।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे जल्द से जल्द मामलों की पहचान कर सूची प्रस्तुत करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

# डुमरांव में एनएच-120 का पुनर्निर्माण शुरू

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव शहर के बीचों-बीच से गुजर रही एनएच-120 (स्टेशन रोड) आखिरकार मरम्मत कार्य के लिए मशीनों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। लंबे समय से जर्जर हो चुकी इस सड़क ने यात्रियों और स्थानीय लोगों की परेशानियों को चरम पर पहुँचा दिया था। आए दिन गड्ढों में पलटते छोटे वाहन और उससे घायल होते यात्री अब शायद राहत की सांस ले सकें। स्थानीय विधायक अजीत कुशवाहा ने इस मुद्दे को कई बार विधानसभा में उठाया था। उसके बाद सड़क मरम्मत की स्वीकृति मिली और 27 अगस्त से कार्य आरंभ कर दिया गया। इस योजना पर 1 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च किए जाने हैं।



काम शुरू होते ही प्रशासन ने लोगों को असुविधा से बचाने के लिए तीन चेकपोस्ट बनाए हैं। पहला महरौरा मोड़ पर, दूसरा नया थाना के पास और तीसरा ट्रेनिंग स्कूल के पास। इन चेकपोस्टों से छोटे वाहनों को पुराने मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। बक्सर और स्टेशन की ओर जाने वाले हल्के वाहनों को पुराना थाना रोड की ओर मोड़ा गया है। वहीं, टेम्पो चालकों को आंशिक छूट दी गई है ताकि वे चौक रोड, गोला रोड, राज अस्पताल मोड़ होकर एनएच तक पहुंच सकें।

**-- पश्चिमी हिस्से से काम की शुरूआत**

एनएच विभाग के एसडीओ अनिल कुमार और जेई ब्रह्मानंद पासवान ने बताया कि मरम्मत कार्य को चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। पहले फेज में सड़क के पश्चिमी हिस्से पर काम शुरू हुआ है क्योंकि यह हिस्सा ज्यादा जर्जर हो चुका था। उन्होंने बताया कि पीसीसी ढलाई और पिचिंग का काम जारी है। पश्चिमी लेन के पूरा होने के बाद पूर्वी हिस्से को भी दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि जहां-जहां सड़क तोड़ी गई है, वहां का मलबा शीघ्र हटाया जाएगा, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को हो रही असुविधा खत्म हो।

भारी वाहनों पर रोक, छोटे वाहन राहत में

काम की गुणवत्ता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क पर दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई। केवल छोटे वाहनों को नियंत्रित मार्गों से जाने की अनुमति है। इस व्यवस्था से नगरवासियों को कुछ राहत मिली है, हालांकि कई बार डायवर्जन की वजह से जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

-- नगरवासियों ने जताई खुशी और चिंता

सड़क निर्माण की शुरूआत से नगरवासियों और वाहन चालकों में खुशी का माहौल है। लोग मानते हैं कि इससे शहर की मुख्य समस्या का समाधान होगा। हालांकि दूसरी ओर, नया थाना से आगे रेलवे स्टेशन और भोजपुर रोड की स्थिति अब भी बेहद खराब बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि उस हिस्से का काम नहीं हुआ, तो यात्रा की दिक्कतें बनी रहेंगी। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल पश्चिमी हिस्से को प्राथमिकता दी गई है, बाकी हिस्सों पर भी चरणबद्ध तरीके से कार्य होगा।

विधायक का प्रयास रंग लाया

सड़क निर्माण के लिए नगरवासियों ने विधायक अजीत कुशवाहा का आभार जताया। उनका कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा को नजरअंदाज किया जा रहा था। विधानसभा में आवाज उठने के बाद ही काम को मंजूरी मिली।

वहीं, सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से कई जगहों पर वॉटर सप्लाई का पाइप फट गया है, जिस कारण लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई है।

एनएच-120 का यह मरम्मत कार्य डुमरांव शहर के लिए राहत की बड़ी खबर है। यदि तय समय पर निर्माण पूरा हो गया तो छोटे-बड़े वाहनों का सफर न केवल सुगम होगा बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। फिलहाल निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन कब तक मलबा हटवाता है और स्टेशन व भोजपुर की तरफ की खराब सड़कों को मरम्मत की सूची में शामिल करता है।

# निर्वाचक सूची प्रेक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण, बीएलओ को दिए सख्त निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त निर्वाचक सूची प्रेक्षक एवं आयुक्त पटना प्रमंडल डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने गुरुवार को बक्सर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से छूटे नहीं और कोई भी अयोग्य मतदाता का नाम शामिल न हो। डॉ. सिंह ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 200-बक्सर विधानसभा क्षेत्र के चौसा प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या 329, 335, 281, 282, 283, 274 एवं 275 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बक्सर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर बल दिया। साथ ही राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एक अगस्त 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का फॉर्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि वे आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।उन्होंने विशेष रूप से नवविवाहित महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पर ध्यान देने को कहा। इस संदर्भ में बीएलओ को फॉर्म-6 की प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण उपरांत प्रेक्षक ने मतदाता सूची से संबंधित अब तक हुए कार्यों पर संतोष भी व्यक्त किया। इसके बाद समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष-सचिवों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों और सहायक निबंधन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान प्रेक्षक ने मौके पर किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बक्सर, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत वरीय अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण कार्यक्रम का दायरा यहीं तक सीमित नहीं रहा। प्रेक्षक ने 201-डुमरांव विधानसभा के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 10 से 18 तक और 199-ब्रह्मपुर विधानसभा के सिमरी प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या 178, 179, 180 और 181 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को विशेष रूप से उन मतदाताओं की जांच करने का निर्देश दिया, जो स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और जिनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं जुड़े हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवेदनशील और जिम्मेदारी भरा कार्य है।

कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मी

# एमडीएम कर्मियों ने मांगों को लेकर जिला कार्यालय समक्ष किया प्रदर्शन




**केटी न्युज/रोहतास**

सासाराम नगर बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सभी कर्मियों ने हड़ताल के तीसरे दिन भी जिला मध्याह्न भोजन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस संबंध में संघ जिलाध्यक्ष अब्दुल्लाह ने कहा कि संघ के राज्य कार्यकारिणी के आदेश पर पूरे बिहार के मध्याह्न भोजन कर्मी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि संघ के आह्वान पर जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालय में कार्यरत जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी द्वारा हड़ताल के तीसरे दिन भी जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कर्मियों ने कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 1 सितंबर को सभी कर्मी निदेशालय पटना के समक्ष विरोध प्रदर्शन करेंगे. इसके बाद 2 सितंबर को गर्दनीबाग पटना स्थित धरना स्थल पर पटना में मांग के पूर्ण होने तक सभी कर्मियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हमारी प्रमुख मांगों में मध्याह्न भोजन योजना कर्मचारी का वेतन बिहार शिक्षा परियोजना में कार्यरत कर्मियों के समतुला वेतन निर्धारण करने में शामिल करें। प्रदर्शन में मध्याह्न भोजन कर्मचारी संघ सदस्य उपाध्यक्ष शिवानंद प्रसाद, जिला सचिव अमित कुमार, संगठन सचिव रामजी सिंह, कोषाध्यक्ष माधुरी कुमारी, मीडिया प्रभारी जाकिर खान, कार्यक्रम प्रबंधक विजय प्रसाद, लेखपाल मृत्युंजय, साधन सेवी मंजू कुमारी, पूनम कुमारी, किरण कुमारी पाठक, जितेंद्र कुमार,अतहर हुसैन, पूर्णमासी राम, ललन पासवान, श्याम कुमार सिंह,अरविंद कुमार,संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, शिव शंकर राम, समशुल आरफीन, रमाशंकर गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर में जमादार ने किशोर के साथ किया अप्राकृतिक यौनाचार, जमादार गिरफ्तार

- आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटो आयर थाना का किया घेराव
- आयर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम घटी घटना



**केटी न्युज/आरा**

भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के एक गांव में केस का चार्ज देने आए जमादार द्वारा गांव के ही एक किशोर को खैनी लाने के बहाने में थाना परिसर में स्थित डेरा में बुलाकर के उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित किशोर आयर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय बताया जा रहा है एवं वह आठवी कक्षा का छात्र है। जबकि गिरफ्तार जमादार सारण (छपरा) जिला निवासी प्रभुनाथ सिंह है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार शाम आरोपी जमादार प्रभुनाथ सिंह द्वारा उसे खैनी लाने के बहाने थाना परिसर में स्थित डेरा में बुलाया गया। इसके बाद उसके साथ अप्राकृतिक यौनचार कर किया गया। जब पीड़ित किशोर अपने घर पहुंचा तो उसने इसकी जानकारी अपनी परिजनों को दी। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी जमादार को तत्काल गिरफ्तार करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर गुरुवार की सुबह आयर थाना का घेराव कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण द्वारा करीब ढाई घंटे तक खान का घेराव किया गया। इधर पीड़ित किशोर के दादा ने बताया कि बुधवार की शाम आयर थाना के जमादार प्रभुनाथ सिंह ने खानी लाने के बहाने उसे बुलाया और अपने डेरा में बुलाकर कमरे का दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। जब किशोर वहां से घर लौटा तो उसने सारी बात अपने परिवार वालों को बताई। जिसके बाद परिजन द्वारा आयर थाना में आरोपी जमादार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज के उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी जमादार प्रभुनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया है इसके बाद पुलिस द्वारा पीड़ित किशोर का आरा सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया। इसके बाद पुलिस पीड़ित छात्रा का कोर्ट में 164 का बयान करवायेगी। वही जगदीशपुर एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एक 10 वर्षीय बालक जो अनुसूचित जाति का सदस्य हैं। उनके परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया है की आयर थाना में पदस्थापित जमादार प्रभुनाथ सिंह द्वारा बालक के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया गया है। यह घटना बुधवार की रात्रि आठ बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए इस संबंध में पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी जमादार प्रभुनाथ सिंह को डिटेन कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस पीड़ित बालक को मेडिकल जांच के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। इसके पश्चात पुलिस द्वारा इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# आयुष्मान भारत के नाम पर साई नेत्रालय में भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा



**केटी न्युज/रोहतास**

**रोहतास ।** जिला क्षेत्र के साई नेत्रालय में ईलाज के नाम पर भ्रष्टाचार का खुला होते ही लोगों ने हड़कंप मच गई। जिस नेत्रालय में जनता की पैसे की बबार्दी किस कदर होती है ताजा खासा नमूना सासाराम के अघखाभावा नेत्र अस्पताल डॉ. एस मुखर्जी का हैं। जिन्होंने आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा पहल की हैं। जो बरहाल प्रत्येक पात्र-परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। हालांकि कुछ अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड का दुरूपयोग भी किया जाने लगा है, जिससे लोग धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। एक ऐसा ही मामला सासाराम के साईं नेत्रालय का प्रकाश में आया है। जहां 17 मार्च, 2025 को करगहर थानाक्षेत्र के डिभियां गांव निवासी शिवपूजन साह ने आयुष्मान कार्ड जमाकर आंख में लेंस लगवाया था। लेकिन अभी तक वह आंख से देख नहीं पा रहे है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आयुष्मान कार्ड से कितने रुपए निकाले गये, मुझे नहीं बताया गया। इस दौरान पूजन साह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी उदिता सिंह को पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि इस मामले को जांच कराया जाए वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमरेंद्र पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे हैं! आयुष्मान भारत पर तंज करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना बिल्कुल फेलवर है। सिर्फ और सिर्फ डॉक्टरों की कमाई का जरिया बन गया है। कई अस्पतालों पर हवाला देते हुए कहा कि गरीब और असहाय तबके के लोगों इसका शिकार हो जाते है। जो शिवपूजन शाह आज भी अपनी आंखों की रौशनी तथा कार्ड से निकली राशि की जानकारी के लिए साईं नेत्रालय का चक्कर लगाते हैं। राशि कितनी निकली, यह तो पता चल सकता है। लेकिन उनकी आंखों में लेंस लगे कि नहीं या बिना लेंस लगाये पैसे की निकासी कर ली गयी,यह जाँच का विषय है। ऐसे में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य मंत्री ऐसे अस्पताल पर कितना संज्ञान लेंगे कहना मुश्किल है कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग मिली तो नहीं है ऐसे अस्पताल पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# भाजपा : काराकाट में महागठबंधन के विजयी रथ को रोकने की तैयारी में जुटे डॉ. मनीष



**केटी न्युज/रोहतास**

**बिक्रमगंज।** बिहार में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही हैं वैसे-वैसे विभिन्न पार्टियों का सियासी पारा चरम पर है। जिस कड़ी में रोहतास जिला का काराकाट विधानसभा क्षेत्र हमेशा एक खास सुर्खियों में बना रहता हैं। जहां अबतक एनडीए गठबंधन के उपर महागठबंधन अपनी जीत का परचम लहराने में सफल रहा हैं। आखिर क्या कारण है कि काराकाट की जनता एनडीए सहित अन्य पार्टी के प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट पूर्ण रूप से नहीं देती है। विदित हो कि भाकपा माले का गढ़ बना काराकाट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा काराकाट नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने होने वाली 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के विजयी रथ को रोकने के लिए चुनावी रणनीति बनाने में दिन-रात लगे है। जिसको लेकर वह लगातार काराकाट के सभी भाजपा कार्यकताओं के साथ पूरे काराकाट क्षेत्रों के गांवों का भ्रमण करते हुए लोगों से रूबरू हो रहें हैं। साथ ही उनकी क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित कर एनडीए के डबल इंजन की बिहार सरकार से काराकाट के जनहित विकास में त्वरित समाधान के लिए आग्रह कर रहें है। जिनके बातों के उपर एनडीए की राज्य सरकार भी अमल करते हुए अधूरा विकास कार्य को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दे रही है। दूसरी तरफ इनके सराहनीय कार्य को देख काराकाट की जनता डॉ. मनीष की भूरी-भूरी प्रशंसा भी करती नजर आ रही हैं। साथ ही भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन को काराकाट के भावी प्रत्याशी के रूप में भी जनता देख रही है। इस संबंध में डॉ. मनीष ने कहा कि काराकाट विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच ईमानदारी पूर्वक सेवा करना ही मेरे राजनीति जीवन का एकमात्र मुख्य लक्ष्य है। जिसको हम काराकाट की जनता के प्यार से हमेशा पूरा करने के लिए आजीवन संकल्पित रहूंगा। दूसरी तरफ यदि इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुझे पार्टी के तरफ से चुनाव लड़ने का मौका मिला तो अबकी बार काराकाट से महागठबंधन के विजयी रथ को एनडीए कार्यकताओं के एकजुटता और काराकाट की मतदाता जनता के साथ रोकने में जरूर सफल रहेंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**केटी न्युज/आरा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा/आपत्ति अवधि में अहर्ता प्राप्त महिला एवं युवा मतदाताओं एवं छूटे हुए पात्र नागरिकों का पंजीकरण हेतु विशेष अभियान के तहत जागरूकता फैलाने हेतु "मतदाता जागरूकता रथ" को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, बाजारों, हाटों, चौक-चौराहों आदि स्थानों पर जाकर आम नागरिकों को दावा/आपत्ति प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देगा, ताकि अधिक से अधिक योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकें या आवश्यक संशोधन करवा सकें। गौरतलब है कि प्रारूप निर्वाचक सूची दिनांक 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है, जिस पर दावा/आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 01 सितंबर 2025 निर्धारित है। 01 जुलाई 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर योग्य नागरिक पंजीकरण, विलोपन एवं संशोधन हेतु विहित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन बीएलओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय, संबंधित प्रखंड कार्यालय अथवा नगर निकाय कार्यालयों में आयोजित विशेष शिविरों में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के वोटर सर्विस पोर्टल (https://voters.eci.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी दावे एवं आपत्तियों का निष्पादन संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा 25 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। इसके उपरांत, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 30 सितंबर 2025 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिक्रमगंज ।** नटवार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम जमोढ़ी निवासी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज न्यायालय से वारंट निर्गत था। उन्होंने कहा कि वारंटी को पकड़ने के बाद आवश्यक जांच की गई और उसके उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

### दिनारा में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दिनारा।** प्रखंड दिनारा क्षेत्र अंतर्गत आज यानी शुक्रवार को 33 केवी लाइन का शटडाउन रहेगा। उक्त अवधि में 11 केवी कोचस से चितांव तक नया कृषि फीडर का निर्माण होना है । जिसके कारण 29 अगस्त (शुक्रवार) को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकाश कुमार ने बताया कि विद्युत शक्ति उपकेंद्र दिनारा से निकलने वाले दिनारा,इंदौर,राजपुर, धनपुरा एवं विद्युत शक्ति उपकेंद्र अकोढ़ी से निर्गत महेशपुर व जलवइया फीडर का विद्युत आपूर्ति 11 बजे से 01 बजे तक बंद रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

### मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी में दो पर प्राथमिकी दर्ज

**संझौली ।** संझौली थाना क्षेत्र में बिलिंग गुणवत्ता व स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर की जांच हेतु कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया । जांच के क्रम में पाया गया कि मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर एक अतिरिक्त तार जोड़कर व मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम बुकनाव निवासी प्रेमचंद कुमार पर 16 हजार 127 तथा प्रियंका कुमारी 7 हजार 638 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी । कनीय विद्युत अभियंता संझौली द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनके परिसर में स्मार्ट प्रीपेड लगा हुआ है तथा बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन डिसकनेक्ट प्रदर्शित हो रहा है । वह रिचार्ज कराने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज,कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं । वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह में 50 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### महिला को सुरक्षा का झांसा देकर ठगों ने 75 हजार के जेवर सहित नकदी छीन भागें

**बिक्रमगंज।** नगर परिषद बिक्रमगंज शहर के सेंट्रल बैंक के पास एक महिला के साथ ठगी की घटना सामने आई है। मोहनी की रहने वाली बेबी कुमारी गुरुवार को बैंक में काम से आई थी। इस दौरान दो ठग उनके पास आए। ठगों ने महिला को बताया कि वह अपने जेवर खोलकर रख ले, नहीं तो कोई अपराधी चोरी कर सकता है। महिला ने उनकी बात मान ली और अपने जेवर एक छोटे पर्स में रख लिए। इसी बीच ठग चालाकी से पर्स ले उड़े। महिला को पता भी नहीं चला कि कब उन्होंने पर्स चुरा लिया। पर्स में एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की बाली, दो जितिया और 5 हजार रुपये नगद था। कुल मिलाकर करीब 75 हजार रुपये की संपत्ति चोरी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही महिला के भाई और परिजन मौके पर पहुंच गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच कर रही है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि अपराधियों ने महिला को कोई नशीला पदार्थ सुंघाया था या नहीं।

### ट्रांसफॉर्मर करंट के चपेट में आने से भैंस की मौत, प्राथमिकी दर्ज

**तिलौथू।** रोहतास प्रखंड के भदोखरा गांव में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसा मंगलवार को भदोखरा निवासी नंदू यादव की भैंस अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव के विद्युत ट्रांसफार्मर से अचानक करंट फैल गया। जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भैंस मालिक नंदू यादव ने स्थानीय थाने में आवेदन देते हुए बताया कि करंट फैलने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि मृत भैंस की बाजार कीमत लगभग 70 हजार रुपये थी। इस घटना से परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अक्सर बिजली व्यवस्था लापरवाह रहती है, जिसके कारण ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। पीड़ित परिवार ने संबंधित विभाग से उचित मुआवजा दिलाने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### छज्जी निकालने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, सात जख्मी

**आरा।** जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के अलेखी टोला गांव में गुरुवार की सुबह छज्जी निकालने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से दंपती समेत सात लोग जख्मी हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक पक्ष से बड़हरा थाना क्षेत्र के अलेखी टोला गांव निवासी कुसेला राय,उनकी पत्नी लालमुनी देवी एवं पुत्र मनोज कुमार यादव शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष के उसी गांव के निवासी जंगली यादव, उनकी पत्नी राजकुमारी देवी व दो पुत्र महेंद्र कुमार यादव एवं जमावत यादव शामिल हैं। इधर एक पक्ष के जख्मी मनोज कुमार यादव के भतीजे सरोज कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना मकान बनाया है और वह अपने छज्जी निकल रहे थे। तभी पड़ोसी जंगली यादव द्वारा छज्जी निकलने से मना किया जाने लगा। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उनके द्वारा सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। जबकि दूसरे पक्ष के जंगली यादव ने बताया कि वह अमीन से बिना नवी करवाई मेरे हिस्से छज्जी निकल रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन लोगों द्वारा सभी की पिटाई कर दी गई। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### अनियंत्रित ट्रक में ननिहाल आई बच्ची को कुचला, मौत

**आरा।** जिले के सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में गुरुवार की सुबह अनियंत्रित ट्रक में ननिहाल आए मासूम बच्ची को कुचल दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद हो ट्रक लेकर भाग रहे चालक को संदेश थाना पुलिस द्वारा संदेश में गिरफ्तार कर उक्त ट्रक को जब्त कर लिया गया। वहीं घटना को लेकर आसपास ही इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची अरवल जिला के अरवल थाना क्षेत्र के रामपुर बैना गांव निवासी लालदेव कुमार की 4 वषीर्या पुत्री नेहा कुमारी है। उधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मृत बच्ची के शव को सड़क के बीच रख सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा करीब दो घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और लोगों को समझा,-बूझाकर जाम को हटवाया। जिसके बाद परिचालन शुरू हो पाया।इसके पश्चात पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पटना में केस दर्ज



**एजेंसी/पटना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक और अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। जिसके बाद सियासी माहौल गरमा गया। इसे लेकर पटना के गांधी मैदान थाने में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। दरअसल वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा के बिठौली में मोहम्मद नौशाद के कार्यक्रम में मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कार्यकर्ताओं ने गालियां दी और अपशब्दों का प्रयोग किया। मिली जानकारी के अनुसार, यात्रा में शामिल कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद पटना के गांधी मैदान थाने में भाजपा कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीजेपी नेता ने यह शिकायत की है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लगातार अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। मुजफ्फरपुर में कांग्रेस के मंच से मां-बहन की गाली दी गयी। जिसके विरोध में यह केस दर्ज कराई गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त कानूनी कार्रवाई जरूरी है। दरभंगा के बिठौली में कार्यकर्ता राहुल, प्रियंका, तेजस्वी जिन्दाबाद के नारे लग रहे थे। मोहम्मद नौशाद जो इस बार जाले विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। एनएच-27 के किनारे बिठौली में मंच सजा सैकड़ों कार्यकर्ताओं को जाले विधानसभा से मंगवाये थे, उनके खाने पीने की भी व्यवस्था की गयी थी। उत्साहित कार्यकर्ता माइक छीनकर नारेबाजी करने लगे और बीच-बीच मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये अपशब्दों का प्रयोग कर रहे थे, मंच से गाली-गलौज किया जा रहा था। ऐसा करने से कुछ लोग मना भी कर रहे थे लेकिन मंच पर चढ़े कार्यकर्ता माइक लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहने लगे। यह सिलसिला लगातार चलता रहा और मंच पर नाबालिग से बालिक तक दिख रहे थे। जो वीडियो वायरल हो रहा है उसे देखकर लोग कह रहे हैं कि राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। वही पीएम मोदी पर आपत्तिजनक बयान को लेकर बीजेपी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। बीजेपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माताजी के लिए बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।

## बिहार: मनेर में एक और बच्ची का शव बरामद, लोगों ने किया सड़क पर बवाल

**एजेंसी/पटना**

पटना से सटे मनेर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 साल की बच्ची का शव बगीचे में पेड़ से लटका मिला है। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। बिहार की राजधानी पटना में फिलहाल एक छात्रा की मौत का मामला सभी थमा भी नहीं होगा की नया मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। यह मामला मनेर का बताया जा रहा है। जहां एक नबालिग की मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश पैदा हो गया है और लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार, पटना से सटे मनेर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 साल की बच्ची का शव बगीचे में पेड़ से लटका मिला है। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। परिजन का आरोप है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। वहीं,इस मामले में परिजन लगातार यही कह रहे थे कि गलत काम कर मासूम को मार डाला गया है। सूचना पर पुलिस टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कहा कि सुरागों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में ऋछ की टीम हर बिन्दू पर जांच कर रही है।

चुनाव से पहले नीतीश सरकार की एक और बड़ी सौगात

# बिहार के सबसे बड़े पावर प्लांट पर लग गई मंजूरी की मुहर, पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास



### अडानी पावर लिमिटेड करेगी निर्माण

इस परियोजना को लेकर खास बात यह भी है कि 800 मेगावाट की तीन इकाई वाली (2400) इस बिजली घर का निर्माण अडानी पावर लिमिटेड करेगी. दरअसल, केंद्रीय विद्युत अधिनियम के मुताबिक बिजली घर का निर्माण या बिजली की खरीद के लिए विनियामक आयोग की स्वीकृति जरूरी होती है. इसी को देखते हुए बिजली कंपनी ने आयोग के सामने याचिका दायर की थी।

### बिजली खपत को देखते हुए बड़ा फैसला

जिसके बाद बुधवार को सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, सदस्य अरुण कुमार सिन्हा और पीएस यादव ने बड़ा निर्णय लिया और भागलपुर के पीरपैंती बिजली घर पर मुहर लगा दी. भविष्य में होने वाली बिजली की खपत को देखते हुए यह बड़ा फैसला माना जा रहा है।


### बिजली खपत को देखते हुए बड़ा फैसला

जिसके बाद बुधवार को सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, सदस्य अरुण कुमार सिन्हा और पीएस यादव ने बड़ा निर्णय लिया और भागलपुर के पीरपैंती बिजली घर पर मुहर लगा दी. भविष्य में होने वाली बिजली की खपत को देखते हुए यह बड़ा फैसला माना जा रहा है।


**एजेंसी/पटना**

बिहार सरकार की सबसे बड़ी बिजली घर परियोजना को बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने मंजूरी दे दी है, जिससे भागलपुर के पीरपैंती में बनने वाले बिजली घर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। आयोग ने बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए पीरपैंती से 6.075 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने की सहमति दी है। 800 मेगावाट की तीन इकाई वाली (2400) इस बिजली घर का निर्माण अदाणी पावर लिमिटेड करेगी और इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कराने की तैयारी है। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड की याचिका पर आयोग ने सुनवाई की। बुधवार को भागलपुर के पीरपैंती से बिजली खरीदने की सहमति दी गई। पीरपैंती से बिहार को 6.075 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी। 800 मेगावाट की तीन इकाई वाली (2400) इस बिजली घर का निर्माण अदाणी पावर लिमिटेड करेगी। केंद्रीय विद्युत अधिनियम के अनुसार बिजली घर का निर्माण या बिजली की खरीद के लिए विनियामक आयोग की अनुमति जरूरी है। बिजली कंपनी ने आयोग के समक्ष याचिका दायर की थी। भविष्य में बिहार में होने वाली बिजली की खपत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। बुधवार को आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, सदस्य अरुण कुमार सिन्हा और पीएस यादव ने पीरपैंती बिजली घर पर मुहर लगा दी। पीरपैंती बिजली घर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कराने की तैयारी है। संभावना है कि 15 सितम्बर को पूर्णिया दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीरपैंती बिजली घर का शिलान्यास करें। आज-कल में बिजली कंपनी पीरपैंती बिजली घर का शिलान्यास कराने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज सकता है।

## नीतीश सरकार का बड़ा फैसला : स्वास्थ्य कर्मियों का मानदेय बढ़ा, 11000 से 21000 तक की बढोतरी



**एजेंसी/पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने कुछ दिन पहले आशा और ममता कार्यकर्ता, शारिरीक शिक्षक, एमडीएम रसोइया समेत अन्य कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी की थी। अब राज्य के नियोजित स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय को बढ़ा दिया है। 11 हजार से 21 हजार तक की वृद्धि की गयी है। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दें कि बिहार में कुछ महीने बाद विधानसभा का चुनाव होने वाला है। आगामी इलेक्शन से पहले नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। यह फैसला राज्य के नियोजित स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में वृद्धि को लेकर लिया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में भारी बढ़ोतरी की गयी है। जिसमें सीनियर रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य कर्मी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। उक्त आदेश के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के नियोजित कर्मियों के मानदेय में 11,000 रुपये से लेकर 21,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। वहीं लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन का मासिक मानदेय 37,000 से बढ़ाकर ?48,000 कर दिया गया है। वही वरिष्ठ रेडियोग्राफर का मानदेय 37,000 से बढ़ाकर 58,000 कर दिया गया है। इन पदों पर कार्यरत कर्मियों की कुल संख्या करीब 500 है। कुछ दिन पहले नीतीश सरकार ने विभिन्न संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की थी। किसान सलाहकारों का मानदेय 13,000 से बढ़ाकर 21,000 कर दिया गया। वही आशा कार्यकताओं को 1,000 के बजाय 3,000 मासिक मानदेय देने की घोषणा की गई। ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 की बजाय अब 600 मिलने की बात कही गयी। नीतीश सरकार के इन फैसलों को चुनावी साल में बड़ा जनसंपर्क कदम माना जा रहा है, जिससे लाखों कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी जानकारी देने पर मोतिहारी पुलिस देगी 50 हजार का इनाम

**एजेंसी/मोतिहारी**

बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है, क्योंकि खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन पाकिस्तानी आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुस आए हैं। इन आतंकियों की पहचान हसनैन अली (रावलपिंडी), आदिल हुसैन (उमरकोट) और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर) के रूप में हुई है। इसके बाद अब इनको लेकर जो नया अपडेट सामने आया है उसके मुताबिक मोतिहारी पुलिस ने इन तीनों को लेकर इनाम की घोषणा की है। दरअसल,नेपाल के रास्ते भारत में पाकिस्तानी आतंकी को लेकर मोतीहारी पुलिस ने ?50000 के इनाम की घोषणा की है। इसके साथ ही व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। इसके अलावा जांच अभियान को भी तेज कर दिया गया है। इसके साथ ही साथ भारत-नेपाल सीमा पहले से अधिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। वहीं,एसएसबी के जवान हर नेपाल से आने वाले लोगों की विशेष जांच करने के बाद ही भारत में प्रवेश दे रहे हैं। इसके साथ ही राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में सीमावर्ती जिलों को विशेष चौकसी बरतने को कहा गया है।

## बिहार मेरी कर्मभूमि, यहाँ आकर करती हूँ प्राउड फील : पाखी हेगड़े



**एजेंसी/पटना**


भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें बिहार आना अच्छा लगता है और बिहार उनकी कर्मभूमि है. वे यहाँ आकर प्राउड फील करती हैं. उन्होंने राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि फिलहाल ऐसा कोई इरादा नहीं हो. गौरतलब है कि विगत दिनों पाखी ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की थी. इसके बाद से कहा जा रहा था कि वे राजनीति में आ सकती हैं और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं. इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो पाखी ने कहा कि सम्राट चौधरी अच्छे लीडर हैं. ऐसे व्यक्तित्व के शख्शियत से मिलना मुझे अच्छा लगता है. हालाँकि उन्होंने सभी दलों के नेताओं से ये भी अपील कर डाली कि वे ग्राउंड लेवल पर जनता के बीच जाकर ईमानदारी से काम करें. पाखी ने कहा कि जिन लोगों की वजह से हम लोग उपर आते हैं, उनकी जिन्दगी में भी बदलाव आना चाहिए. पाखी हेगड़े ने राजनीति में आ चुके दो दिग्गज भोजपुरी कलाकार पवन सिंह और रितेश पांडेय को लेकर भी खुल कर बात की और कहा कि पवन सिंह मेरे भाई हैं. उनकी गायकी मुझे पसंद है. उनकी सुरीली आवाज उन्हें नंबर वन बनाती है. काराकाट से जब वे चुनाव लड़े थे, तब मैं अपने भाई के लिए आई थी. उनका समर्थन किया था. वहीं, रितेश पांडेय भी अच्छे व्यक्तित्व के इंसान हैं. उनकी छवि बेहद अच्छी है. मुझे लगता है कि उन्हें जनता अगर मौका देगी, तो वे जमीनी तौर पर भी अच्छा काम करेंगे. पाखी ने बिग बॉस 19 में बिहार और यूपी का प्रतिनिधित्व कर रही अभिनेत्री नीलम गिरी की काबिलियत की जमकर तारीफ की और कहा कि उनको बिग बॉस के घर में साइड लाइन किया जा रहा है. वे बिहार की बेटी हैं और मैं यूपी बिहार वालों से अपील करुँगी कि नीलम को समर्थन दें और उन्हें जिताएं. पाखी ने निरहुआ के लिए कहा कि फिल्म वे उनके साथ कोई फिल्म नहीं कर रही हैं. इसके अलावा उन्होंने रिपीट कंटेट पर फिल्म ना करने को बड़ी वजह बताई और कहा कि जब भी अच्छी स्क्रिप्ट आती है, तो मैं फिल्म करती हूँ।

## शिवहर में बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**शिवहर।** 4 साल पुराने रेप केस के मामले में शिवहर कोर्ट ने आज सजा सुनाई। आरोपित को 20 साल का कारावास और 50 हजार रूपया आर्थिक जुमार्ना लगाया गया है। इस बात की जानकारी डीएसपी जिला मुख्यालय सुनील कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के चार साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए अनन्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपांजन मिश्रा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य के आधार पर निरंजन कुमार तिवारी नामक आरोपित को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है. जुमार्ने की राशि नहीं देने की स्थिति में सजा की अवधि छह माह बढ़ जाएगी. मामले की सुनवाई करते हुए अनन्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपांजन मिश्रा विशेष लोक अभियोजक पाक्सो राजेश्वर कुमार के तर्कों से संतुष्ट होकर धारा 376 एबी, 342 व 6 पाक्सो एक्ट की धारा के तहत सजा सुनाई है।

डेंगू के मरीजों को इलाज के लिए एनएमसीएच में की गई व्यवस्था

## पटना में डेंगू का प्रकोप : 24 घंटे में 10 नए मामले




**एजेंसी/पटना**

राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है। विगत 24 घंटे में डेंगू के 10 नए मामले सामने आए हैं। डेंगू के मरीजों को इलाज के लिए एनएमसीएच में व्यवस्था किए गए हैं। डॉक्टरों ने डेंगू से बचने के उपाय भी बताए हैं। राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। अब तक लगभग पिछले एक सप्ताह में लगभग 72 डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं और विगत 24 घंटे में 10 नए मामले सामने आए मिले हैं। अगस्त में 158 मरीज मिले हैं। 24 घंटे में जो 10 मरीज मिले हैं. उनमें तीन मुसल्लहपुर, दो-दो छज्जूबाज और बाजार समिति, एक-एक बाइपास, संदलपुर और गुलजारबाग का बताया जा रहा है। डेंगू के हॉट स्पॉट में कंकड़बाग का पोस्टल पार्क और योगीपुर, पटना सिटी, बोरिंग कैनाल रोड, जक्कनपुर, कॉलोनी, दीघा, गोला रोड, जगनपुरा, पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ और दानापुर इलाके है।इस संबंध में एनएमसीएच के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि मेडिसिन विभाग में डेंगू दो मरीज भर्ती हैं। इसको लेकर 40 बेड रिजर्व रखे गए हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने के पर बेड़ों की संख्या बढ़ाई जाएगी। मेडिकेटेड मच्छरदानी भी उपलब्ध कराई गई है। ओपीडी में इलाज कराने आने वाले मरीजों में लक्षण मिलने पर जांच कराई जा रही है। उन्होंने इसे रोकने के लिए घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने की सलाह दी है। इसके साथ ही कूलर, गमलों, बाल्टी, पुराने टायरों और अन्य बर्तनों का पानी खाली करने की सलाह दी है। दिन में भी सोते समय मछरदानी का उपयोग करने की सलाह दी।




केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 29 अगस्त 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## सुभाषितम्

लंबी जिंदगी का महत्व नहीं है, जितना महत्व इसकी गहनता का है। -राल्फ वाल्डो एमर्सन

# अडानी-अंबानी, डोभाल- जयशंकर का मनभेद?

भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के केंद्र में बैठे चार बड़े नाम जिसमे उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच मतभेद की खबरों ने भारत सहित दुनिया के कई देशों में हलचल मचा दी है। चारों शक्तिशाली लोगों के बीच टकराव का असर न सिर्फ.देश की नीतियों और उद्योग जगत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि और कूटनीति मे भी दिखने लगी है। सूत्रों के अनुसार, हाल के महीनों में अडानी और अंबानी समूह के कारोबारी हित कई मोर्चों पर टकरा रहे हैं। ऊर्जा, दूरसंचार और विदेशों में निवेश और व्यापार को लेकर दोनों समूहों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हुई है। अडानी समूह की वित्तीय मुश्किलें, अमेरिका में मुकदमा एवं टैरिफ के कारण बढ़ते विदेशी कर्ज. और व्यापार व्यवसाय को लेकर दबाव बना है। अजीत डोभाल को अडानी समर्थक माना जाता है। वैश्विक स्तर पर जो कारोबार अडानी समूह ने बढ़ाया था। उसमें उन्हें प्रधानमंत्री के साथ-साथ डोभाल का समर्थन मिलता रहा है। वहीं अंबानी समूह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति में जुटा है। गौतम अडानी के ऊपर जब रिश्वत मामले में अमेरिका में मुकदमा दर्ज हुआ उसके बाद से मुकेश अंबानी ने अपने संबंध अमेरिका के साथ बेहतर करना शुरू कर दिए इस काम में उनकी मदद एस जयशंकर कर रहे हैं। इस तरह की खबरें सत्ता के गलियारे से निकलकर आ रही हैं। विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति पर डोभाल और जयशंकर के बीच मतभेद की चर्चा है। डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अमेरिका और पश्चिमी देशों पर सख्ती बरतने की पैरवी कर रहे हैं। जबकि जयशंकर कूटनीतिक संतुलन साधते हुए अमेरिका, यूरोप और एशिया के साथ भारत की छवि सुधारने के पक्षधर माने जाते हैं। यह खींचतान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्पष्ट स्थिति तय करने में बाधा बन रही है।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, यह मतभेद व्यक्तिगत अथवा विचारधारा को लेकर नहीं हैं। बल्कि व्यापक सत्ता-संतुलन के साथ निजी एवं पारिवारिक हित भी जुड़े हुए हैं । मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार में अडानी और अंबानी का आर्थिक प्रभाव जगजाहिर है। वहीं डोभाल और जयशंकर की नीतिगत भूमिका वैश्विक स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण है। जब इन चारों के बीच समन्वय की कमी देखने को मिल रही है। इसका असर सीधे तौर पर विदेश नीति, विदेशी निवेश, सामरिक एवं व्यापारिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर देखने को मिलने लगा है। विपक्ष ने इस स्थिति को मुद्दा बनाते हुए आरोप लगाना शुरू कर दिया है। सरकार ह्लकॉर्पोरेट दबावह्व और अंदरूनी खींचतान में उलझी हुई है। जबकि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता से जूझ रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह मतभेद गहराता है, तो भारत के ह्लविकास और स्थिरताह्व वाली छवि को भारी नुकसान हो सकता है। स्पष्ट है,अडानीझ्रअंबानी की कारोबारी प्रतिस्पर्धा और डोभालझ्रजयशंकर की रणनीतिक खींचतान दिल्ली और भारत तक सीमित नहीं है। इसकी गूंज अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विभिन्न स्तरों पर सुनाई देने लगी है। आने वाले दिनों में यह भारतीय राजनीति और कूटनीति की दिशा मे भारत के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुकेश अंबानी के निजी रिश्ते बेहतर होते चले जा रहे हैं। ट्रंप के साथ रिश्ते सुधारने और भारतीय नीति में जयशंकर अंबानी समूह की मदद कर रहे हैं। वही ट्रंप लगातार टैरिफ बढ़ाने की धमकी देकर भारत को ब्लैकमेल कर रहे हैं। भारत को चीन के साथ अपने व्यापार और व्यवसाय को बढ़ाने की मजबूरी हो गई है। चीन की तरफ अजीत डोभाल का झुकाव है। ऐसी स्थिति में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि जो बननी चाहिए थी। वह नहीं बन पा रही है।

## चिंतन-मनन

# दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव





अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात वास्तविक ज्ञान। यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

# गणेश भक्त संत तुकाराम के नाम संत तुकाराम गणपति

-संजय गोस्वामी

संत तुकाराम गणपति उन उदाहरणों को संदर्भित करता है जहाँ हिंदू देवता गणपति (गणेश) को भक्ति संत संत तुकाराम से जोड़ा गया है, अक्सर गणपति उत्सवों के लिए समर्पित विषयों, कलात्मक चित्रणों, या यहाँ तक कि एक प्रसिद्ध भक्ति कविता (अभंग) के माध्यम से जहाँ तुकाराम गणपति को सर्वोच्च देवता के रूप में वर्णित करते हैं। हालाँकि संत तुकाराम मुख्य रूप से भगवान विट्ठल के भक्त थे, उनके भक्ति मार्ग में गणपति को प्राथमिक देवता के रूप में स्वीकार करना शामिल था। गणेश उत्सव के दौरान, कुछ सज्जाकार संत तुकाराम से संबंधित विषय तैयार सजावट के रूप में उपयोग करने के लिए बनाते हैं, जैसे कि गणपति सजावट के लिए श्री संत तुकाराम महाराज विषय।ऐसे और भी देवताओं जैसे हनुमान, भगवान राम, कृष्ण, साईं से जोड़कर भी बनाया जाता है लेकिन अधिकांश जगहों पर संत तुकाराम गणपति ही देखने को मिलता है संत हमेशा एक फलदार पेड़ की तरह होते हैं जो परमार्थ के लिए सभी का कल्याण करते हैं कलाकार संत तुकाराम से मिलाकर अनूठी कलाकृतियाँ भी बनाते हैं जो गणपति को संत तुकाराम से प्रेरित या उनके तत्वों को शामिल करते हुए दशार्ती हैं, जैसा कि पर्यावरण-



अनुकूल गणपति कला में देखा जा सकता है।ओंकार प्रधानः संत तुकाराम ने ओंकार प्रधान नामक एक प्रसिद्ध भक्ति कविता (अभंग) लिखी, जिसमें उन्होंने गणेश को ब्रह्मांड के आदि, दिव्य रूप के रूप में वर्णित किया है। कविता म्याबाय तो है गजानन पंक्ति से शुरू होती है, जिसका अर्थ है परमपिता ये गजानन हैं (गणेश) तुकाराम महाराज 17वीं शताब्दी के महाराष्ट्र भक्ति मिशन के एक संत कवि थे। वह एक सम्मानाधिकारी थे, व्यक्तिगत वारकरी धार्मिक समुदाय के सदस्य थे। तुकाराम अपने अभंग और भक्ति कविताओं के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने अपने समुदाय में भगवान की भक्ति के बारे में कई आध्यात्मिक गीत गाए हैं, जिन्हें स्थानीय तौर पर कीर्तन कहा जाता है। तुकाराम का जन्म 1608 में पुणे जिले के देहू नामक गाँव में हुआ था; उनकी जन्मतिथि के बारे में विद्वानों में मतभेद है और सभी दृष्टिकोणों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनका जन्म 1608 में हुआ था। उनके परिवार में तत्कालीन आठवें पुरुष विश्वंभर बाबा से विट्ठल की पूजा जारी रही। उनके कुल के सभी लोग नियमित (वारी) पंढरपुर जाते थे। देहू गाँव के साहूकार होने के कारण उनका परिवार वहाँ सम्मानित माना जाता था।उनका बचपन उनकी माँ कनकई और पिता बोल्होबा की देखरेख में बहुत ही सावधानी से बीता, लेकिन जब वे लगभग 18 वर्ष के थे, तो उनके माता-पिता की मृत्यु हो गई और उसी समय उनकी पहली पत्नी और नवजात शिशु की भीषण सूखे के कारण भूख से मृत्यु हो गई। देश।इन मुसीबतों की कहानियाँ झूठी हैं। यह लिखना झूठ है कि संत तुकाराम उन दिनों बड़े जमींदार और साहूकार थे। उनकी दूसरी पत्नी जीजाबाई बहुत तेज स्वभाव की थीं। वह सांसारिक सुखों से विरक्त हो गये। मन की शांति पाने के विचार से तुकाराम प्रतिदिन देहू गाँव के पास भवनाथ नामक पहाड़ी पर जाते थे और विट्ठल की याद में दिन बिताते थे।उनका परिवार कुनबी समुदाय से था। तुकाराम के परिवार का अपना खुदरा और साहूकारी व्यवसाय था, साथ ही खेती और व्यापार भी था। उनके पिता विठोबा के भक्त थे, जिन्हें हिंदू धर्म में भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। संत तुकाराम की पहली पत्नी रखमा बाई थीं और उनका एक बेटा संतू भी था। 1630-1932 के अकाल के दौरान उनके दोनों बेटे और दोनों पत्नियाँ भूख से मर गईं।उनकी मृत्यु और व्यापक गरीबी का तुकाराम परिवार पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा, जो बाद में महाराष्ट्र की सह्याद्री पर्वत श्रृंखला में ध्यान करने चले गए। इसके बाद तुकाराम ने दूसरी शादी की और उनकी दूसरी पत्नी का नाम अवलाई जीजाबाई था। लेकिन उसके बाद उनका अधिकांश समय पूजा-पाठ, भक्ति, सामुदायिक कीर्तन और अभंग काव्य में व्यतीत होने लगा। कैसे एक आम आदमी दुनिया का खेल खेलकर संत बन गया, किसी भी जाति-धर्म में जन्म लेकर भी पूर्ण भक्ति और सदाचार के बल पर आत्म-विकास किया जा सकता है। यह विश्वास आम आदमी के मन में स्थापित करना था, संत तुकाराम यानी तुकोबा, जो अपने विचार, आचरण और वाणी के अनुरूप जीवन जीते हैं, आम आदमी को प्रेरणा देते हैं कि उसे हमेशा कैसे रहना चाहिए। . उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया जब वे जीवन के पहले भाग में अपने साथ घटी दुर्घटनाओं से निराश हो गये।उसका जीवन से विश्वास उठ गया था।ऐसे में उन्हें किसी के सहारे की सख्त जरूरत थी, किसी के पास अस्थायी सहारा नहीं था। इसलिए उन्होंने अपना सारा बोझ पांडुरंग पर डाल दिया और साधना शुरू कर दी, उस समय उनके पास कोई गुरु नहीं था। भक्ति की परंपरा को कायम रखते हुए नामदेव ने भक्ति के अभंग की रचना की। तुकाराम ने भले ही संसार से मोह छोड़ने की बात कही हो, लेकिन उन्होंने कभी नहीं कहा कि संसार मत में मत रहो। सच कहें तो किसी भी संत ने कभी संसार त्यागने की बात नहीं की।उनकी कविताएँ विट्ठल और विठोबा को समर्पित थीं।संत तुकाराम महाराज अपने अभंग में कहते हैं, हमारे भगवान की महिमा देखो, वो भिलनी (शबरी) के झूठे बेर बड़े प्यार से व चाव से खाता है। क्योंकि भगवान सिर्फ व सिर्फ प्यार का भूखा होता है। उसके पास अष्टमहासिद्धि और क्षीरसागर है फिर भी वो उनको महत्व नहीं देता।सुदामा द्वारा लाये मुठ्ठीभर सूखे पोहे भी वो बड़े प्यार से ग्रहण कर लेता है। तुकाराम महाराज कहते हैं वो झूठे हैं अथवा थोड़े भक्ति व प्यार के आगे इसका विचार भी उनके मन में नहीं आता।इस अभंग में संत तुकाराम महाराज ने श्री भगवान राम व श्रीकृष्ण का अपने भक्तों के प्रति असीम स्नेह का उदाहरण दिया है। ईश्वर आपके सच्चे भाव, स्नेह व प्यार का भूखा होता है। छोटा बड़ा उसके लिए सभी समान है। वो भेदभाव नहीं करता।संत तुकाराम के भक्त वारकरी अपनी पैदल यात्रा में जिसे दिंडी भी कहा जाता है रामकृष्णहरी कहते थकते नहीं है। गली-गली में, घर-घर तक विट्ठल नाम की गूंज पहुँचाते लोकगायक और संतकवि तुकाराम का नाम आते ही आँखों के सामने यही चित्र उभरता है। कवि, जिनके होंठों पर है विट्ठल-विट्ठल की गूंज, संत, जो प्रभु के अलावा और कुछ नहीं सोचते। तुकाराम ऐसे ही हैं, सरल और निश्छल। ईश की राह पर चलना ही था उनका जीवन। तुकाराम, यानी भक्ति का राग छेड़ते, प्रभु की बात करते साधु, लेकिन वे कबीर सरीखे क्रांतिकारी भी हैं। गली-गली में, घर-घर तक विट्ठल नाम की गूंज पहुँचाते लोकगायक और संतकवि तुकाराम का नाम आते ही आँखों के सामने यही चित्र उभरता है। कवि, जिनके होंठों पर है विट्ठल-विट्ठल की गूंज, संत, जो प्रभु के अलावा और कुछ नहीं सोचते। तुकाराम ऐसे ही हैं, सरल और निश्छल। ईश की राह पर चलना ही था उनका जीवन। तुकाराम, यानी भक्ति का राग छेड़ते, प्रभु की बात करते साधु, लेकिन वे कबीर सरीखे क्रांतिकारी भी हैं।

# हिमाचल और जम्मू में प्रकृति का तांडव एक त्रासदी

- नरेंद्र भारती

आपदा का कहर कब थमेगा आखिर कब तक हिमाचल,जम्मू,उत्तराखंड में बरसात का कहर बरपता रहेगा यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है ' प्रकृति ने तीनों राज्यों में तांडव मचा रखा है करीब दो महीनों से यह कहर जारी है ' बरसात से अब तक हजारों लोग मौत के आगोश में समा चुके हैं ' किस्तवाड़ में बादल फटने से सेकड़ों लोग मारे गए,कठुआ में भी बहुत तबाही हुई 'मानवीय तबाही बहुत हो चुकी है ' तीनों राज्यों में आपदा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चूका है ' प्रतिवर्ष देश में आपदा से लाखों लोग ग्रस्त हो रहे हैं ' कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। उतराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव , एक त्रासदी है।प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए।कुछ बच गए कुछ लापता हो गए। प्रकृति रौद्र रुप दिखकर तांडव मचा रही है।रविवार को उत्तराखंड में प्रकृति ने प्रलय की इबारत लिख दी।रविवार को सुबह साढे दस बजे राज्य के चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा और तबाही का मंजर पल भर में लोगों को लील गया। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया और दर्जनों लोगों की लील गया। 16 लोगों को एडीआरएफ ने बचा लिया था 204 लोग लापता है और 34 शव बरामद कर लिए है।यह बहुत ही त्रासदी है।पल भर में लोग बह गए और लापता हो गए थे ।चमोली में लापता लोगां की तलाश के लिए अब जियोंग्राफीकल स्कैनिंग की जा रही है।प्रकृति समय-समय पर आगाह करती रहती है मगर फितरती हो



चुका मानव खुद के समझकार समझता है मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिख दी है।सरकारो ने मुआवजे की घोषणा कर दी है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।प्रकृति से खेलना बंद करना होगा।यह प्रलय निरंतर होते रहेगें। बीते साल 2020 में अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी ।80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे ।पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।इलाके जल्मगन हो गए थे। देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है। लाखों-हजारों लोग मारे जाते है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय-समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते।हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदीयां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। अक्तूबर 1999 में भी उड़ीसा में तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए थें।बच्चे अनाथ हो थे लाशे मलवे में दफन हो थी। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर शहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके ।अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुचती है तब तक बची हुई सांसे उखड़ जाती है लाशों के ढेर लग जाते है।अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके।स्कूलो व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारगंत किया जाए।अगर यही स्वयसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताए तो काफी हद तक नुक्सान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि समय पर काम आ सके।पुलिस व अग्शिमन के कर्मचारियों को भी समय -समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए।अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएगें तो तबाही कम हो सकती है।प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है।मानव कृतध्न बनता जा रहा है।मानव ने स्वार्थो की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है।आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है ।मानव का अहम मिटाकर रख दिया है। गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुकें है।अतीत में की गए कुकर्मो का पश्चाताप कर रहे है।

# जनता के सम्मान की लड़ाई वोटर अधिकार यात्रा

-कुमार कृष्णन

बिहार में तथाकथित वोटचोरी के खिलाफ राहुल गांधी की ह्लवोटर अधिकार यात्राह्व के एक सप्ताह हो चुके हैं। यात्रा में जन सैलाव उमड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव आयोग और भाजपा वोटचोरी के आरोप का ठीक से बचाव नहीं कर पा रहे, वहीं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से यह जाहिर हो गया है कि यात्रा के संकेत शुभ हैं। कांग्रेस खेमे में इस बात को लेकर उत्साह है कि राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस, संसद में लगातार प्रदर्शन के बाद अब वोटर अधिकार यात्रा की वजह से वोट चोरी विरोधी अभियान बिहार ही नहीं देश भर में चर्चा का विषय बन गया है। राहुल गांधी की अगुवाई से इस यात्रा से जातीय ध्रुवीकरण की बजाय वोट चोरी का मुद्दा काफी अहम हो गया है।हालांकि पार्टी में एक वर्ग का मानना है कि केवल निगेटिव प्रचार की बजाय लोगों से किए जाने वाले वादों को यात्रा में प्रमुखता से उठाना चाहिए। क्योंकि यात्रा की भीड़ वोट में किस हद तक तब्दील होगी, इसको लेकर अनुमान लगाना मुश्किल है। चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे वोटरलिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ निकाली जा रही इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी , तेजस्वी यादव , राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव दीपंकर भट्टाचार्य, मुकेश साहिनी खुली जीप में सवार होकर आम लोगों से मिलतेझ्रजुलते आगे बढ़ रहे हैं।सुबह और शाम के वक्त करीब दोझ्रदो घंटे यात्रा आगे बढ़ती है। सासाराम से शुरू हो कर यह यात्रा दक्षिण बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा होते हुए नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर के रास्ते कटिहार, पूर्णिया,अररिया यानी सीमांचल के इलाके में पहुंच चुकी है। यात्रा सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, चंपारण, गोपालगंज, सिवान, छपरा होते हुए आरा में खत्म होगी।एक सितंबर को पटना के गांधी मैदान में बड़ी रैली होगी। अब तक की यात्रा के दौरान मुंगेर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव खानकाह रहमानी के मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी मिले। खानकाह का लंबा इतिहास है।यह खानकाह 1901 में मौलाना मोहम्मद अली मुंगरी ने स्थापित की थी। तब से यह केंद्र सिर्फ सामाजिक सुधार का ही केंद्र नहीं रहा बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों की मदद भी करता रहा।बल्कि यहां महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, अबुल कलाम आजाद और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे नेता भी आकर रुके हैं। राहुल गांधी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी इस खानकाह का दौरा कर चुके हैं। वहीं सीमांचल में महात्मा गांधी के पौत्र तुषार गांधी ने यात्रा का समर्थन किया। इसके अतिरिक्त तेजस्वी यादव और पुर्णिया सांसद पप्पू यादव एक मंच पर आए। गठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे पर भी राहुल गांधी ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। सीमांचल के इलाका अररिया में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा की सफलता यह साबित करती है कि बिहार के करोड़ों लोग वोट चोरी की बात को सच मान रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा में लोग खुद जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का काम सही वोटर लिस्ट देने का होता है, लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उन्होंने ऐसा नहीं किया। चुनाव आयोग का व्यवहार बिहार में भी वोट की चोरी करने का है।उन्होंने कहा कि बिहार में वे वोट चोरी नहीं होने देंगे।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** अपने कामकाज पर विशेष ध्यान देना होगा। लापरवाही या जल्दबाजी ने बनते हुए काम भी बिगड़ सकते हैं। | **तुला** अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। यह समाचार आपको फोन के जरिए प्राप्त हो सकता है। |
| **वृषभ** शाम के समय शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं। कारोबार में लाभ दिलाने वाले हो सकते हैं। | **वृश्चिक** मेहनत करनी पड़ सकती है। लेकिन धीरे-धीरे लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होते जाएंगे। |
| **मिथुन** आज कार्यक्षेत्र में आपको फोन या मैसेज के जरिए कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। | **धनु** ऐसे में कारोबार में समय का सही लाभ उठाने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। |
| **कर्क** किसी एक प्रोजेक्ट या योजना पर काम करना आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। | **मकर** सावधान रहने की जरूरत रहेगा। किसी सहकर्मी से आपकी अनबन या बहस हो सकती है। |
| **सिंह** अगर आपके मन में लंबे समय से व्यापार को लेकर कोई नया आइडिया या प्लान आ रहा है। | **कुंभ** आज कार्यस्थल पर आपको टीमवर्क करना होगा, तभी लाभ प्राप्त होगा। |
| **कन्या** आज आप कामकाज में ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं और भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। | **मीन** अगर आपके जरूरी काम बीच में अटके हुए हैं तो प्रयास करने से वे काम भी बनने शुरू हो सकते हैं। |

## विशेष

### डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग का निर्णय बदल दिया है। हाई कोर्ट के इस निर्णय से अब डिग्री और सर्टिफिकेट छात्र की निजी संपत्ति होगी। यूनिवर्सिटी छात्र की बिना अनुमति के इसे सार्वजनिक नहीं करेगी। यह एक नया निर्णय है। जिसके कारण अब फर्जी डिग्रियों के संबंध में पता लगाना बड़ा मुश्किल हो जाएगा।

### डिग्री सार्वजनिक कर फंसे शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर थे। उस समय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पत्रकार वार्ता में सार्वजनिक की थी। उसके बाद से यह मामला थम नहीं रहा है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जो फैसला दिया गया है। उसके अनुसार डिग्री को निजता की श्रेणी में रख दिया गया है। ऐसी स्थिति में फर्जी डिग्री से जिन्होंने नौकरी ले रखी है। प्रधानमंत्री मोदी की आड़ में वह भी बच गए।

### झूठा केस करने वाले को जेल भेजा जाए

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल भेजने वाले 130 वें संशोधन पर कहा। झूठे आरोप में यदि किसी को जेल भेजा जाता है। वह न्यायालय से दोष मुक्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में जिसके आदेश पर जेल भेजा गया है। जिन अधिकारियों ने जांच की है। जिन्होंने आरोपी को जेल भेजा है। उन सभी को दंडित किया जाना चाहिए। उनके लिए भी सजा का प्रावधान करने की जरूरत बिल मे है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1532: तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम ने करीशिया और 1574: इंग्लैंड और स्पेन के चापारियों के बीच का विवाद विस्तृत संधि से 1828: ससी लेखक लियो सुल्जा। 1848: भारतीय फौजों ने बंगाल में हारया। 1849: ब्रिटेन ने आस्तृ का आगे आत्मसमर्पण किया। 1879: जल युद्ध ने ब्रिटिश फौजों ने सेटीवया पर कब्जा किया। 1883: ब्रिटिश संसद ने दास प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया। 1904: भारत में पहली कलकत्ता से बरकपुर तक कार रेल का आयोजन हुआ। 1972: साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण विधायक पारित हुआ। 1973: मिक्सकों सीटी के दक्षिण पश्चिम में झुंझुप से 500 हजार से अधिक घायल हो हुए। 1988: पश्चिम जमीनी में हवाई कांटाल दियालत गायब 1990: इराक ने कुवैत को अपना किया

## दैनिक पंचांग

अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.09 बजे से |
| चंद्र | तुला में | तुला | 09.19 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.34 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.50 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.55 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.42 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.45 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.25 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मिथुन | 00.23 बजे से |
| | | कर्क | 02.37 बजे से |
| | | सिंह | 04.53 बजे से |

2025 वर्ष का 240 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** पंचमी 17.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 08.44 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.18 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 17.57 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 4.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 41'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872450
**जूलियन दिन** 2460915.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 04
**विशेष** ऋषि पंचमी, स्कंद षष्ठी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## झारखंड के मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार के दो मंत्रियों इरफान अंसारी और सुदिव्य सोनू को 24 घंटे के भीतर बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने ऑटो चालक अंकित कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। अंकित का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आई। प्रसारित वीडियो में युवक खुद को अंतरराष्ट्रीय अपराधी लॉरेंस गिरोह का सदस्य बताते हुए कह रहा था कि उसकी डॉ। इरफान अंसारी से निजी दुश्मनी है, जिसे वह सार्वजनिक नहीं करना चाह रहा है। साथ ही मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से भी उसे बदला लेना है। वीडियो में युवक ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले मंत्री के 20–25 लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। गिरिडीह के एसपी डा। विमल कुमार ने बताया कि मंत्रियों को धमकी देने संबंधित प्रसारित वीडियो में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि उसने ऐसा वीडियो क्यों बनाया और इसके पीछे उसका मकसद क्या था।

## धनबाद पहुंचा शहादत दिवस को समर्पित महानगर कीर्तन, बंदों ने किया अरदास

**धनबाद, एजेंसी।** बैंक मोड़ गुरुद्वारा के बाहर मंगलवार को सिख समुदाय के बंदे, कमेटी के सदस्य व अन्य श्रद्धालु कतारबद्ध होकर नगर कीर्तन का इंतजार करते दिखे। गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्ष, गुरु गोविंद सिंह का 350 वां गुरु गद्दी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन आने वाला था। 21 अगस्त को नगर कीर्तन असम प्रदेश के धोबड़ी साहिब से प्रारंभ होकर सिलीगुड़ी मालदा कोलकाता होते हुए 25 अगस्त की रात आसनसोल पहुंचा था। मंगलवार की सुबह आसनसोल से निकलकर नगर कीर्तन बैंकमोड़ बड़ा गुरुद्वारा पहुंचा। यहां बड़ा गुरुद्वारा व सिख समुदाय के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बोले सो निहाल, सत श्री अकाल से इलाका गूंज उठा। नगर कीर्तन में सुसज्जित पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज विराजमान थे। बंदों ने गुरु ग्रंथ साहेब का दर्शन कर अरदास किया। मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रणजीत सिंह, प्रचारक जगजीत सिंह, प्रचारक व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे। यहां दर्शन कराने के बाद नगर कीर्तन बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़ से प्रारंभ होकर वाया चास गुरुद्वारा होते हुए रात्रि में जमशेदपुर पहुंचेगी। बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह माझा, सतपाल सिंह ब्रोका, सहबाज सिंह व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। लंगर का प्रसाद वितरित किया गया।

## सीएम सोरेन ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री के साथ की बैठक : बोले– खनन खत्म होने पर जमीन रैयत को वापस दें

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ बैठक की। इसमें कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन और राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा। हेमंत ने कहा कि खनन कार्य संपन्न हो जाने के बाद केंद्र सरकार जमीन राज्य सरकार को वापस करे, ताकि मूल रैयतों को लौटाया जा सके। खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाए। केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर समाधान तलाशेंगे। झारखंड के विकास और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह व बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे।

## विधायक सरयू राय के खिलाफ दर्ज गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में गवाही शुरू

**रांची, एजेंसी।** पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में बुधवार को एमपी–एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने मामले के पहले गवाह के रूप में स्वास्थ्य विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी उमेश कुमार की गवाही दर्ज कराई। गवाही पूरी होने के बाद गवाह का बचाव पक्ष ने जिरह भी किया। मामले में अगली सुनवाई के लिए 12 सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है। बता दें कि उक्त मामले में सरयू राय के खिलाफ 16 जुलाई को आरोप तय किया गया है। अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करना है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर बीते 24 अगस्त को संज्ञान लिया था। इसके बाद उन्हें बीते 20 मई को पुलिस पेपर सौंपा गया था। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी। बता दें कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

# पांच दिनों से लापता बालक का शव बरामद, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**दुमका, एजेंसी।** जिला में रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव स्थित संत मोनिका आवासीय विद्यालय से पिछले पांच दिनों से लापता 06 वर्षीय बालक अमन सोरेन का क्षत-विक्षत शव बुधवार को स्कूल से कुछ ही दूर पर धान के खेत से बरामद किया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही बच्चे के अभिभावक स्कूल पहुंच गए, उनके साथ काफी संख्या में ग्रामीण थे। वे सभी विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे, साथ ही सड़क जाम कर दिया। इधर मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

बालक की डेडबॉडी बुरी तरह से सड़ गयी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय में तोड़फोड़ करने के साथ ही रामगढ़ चौंक से होकर गुजरने वाली सभी मार्गों को जाम कर दिया। उन्होंने विद्यालय के सामानों को बाहर सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। ग्रामीण विद्यालय प्रबंधन पर त्वरित कार्रवाई और दोषी को गिरफ्तार करने की मांग की।

दरअसल बालक अमन सोरेन आवासीय विद्यालय में पढ़ता था। वर्तमान में उसके माता-पिता मजदूरी करने केरल गए हुए हैं। अमन सोरेन नजदीक के ही अमडापहाड़ी पंचायत के कुपी गांव का रहने वाला था और वह विद्यालय में नर्सरी का छात्र था। घर में उसकी दादी और परिवार के अन्य सदस्य थे। पांच दिन पूर्व 23 अगस्त दिन शनिवार की रात विद्यालय के संचालक ने अमन के अभिभावक को फोन कर बताया कि उनका बच्चा विद्यालय में नहीं है। रात में ही परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू की लेकिन तब तक उसका कोई पता नहीं चल सका था।

यह पूरी जानकारी परिवार वालों ने रामगढ़ थाना को दी थी। पुलिस ने खोजबीन जब शुरू की। पुलिस से बच्चों के परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर इल्जाम लगाया था कि विद्यालय में काफी संख्या में बच्चों का दाखिला लिया गया है लेकिन इस आवासीय विद्यालय में सुविधा बिल्कुल ही नहीं है। इन्हीं की लापरवाही की वजह से बच्चा लापता हुआ है। जब विद्यालय प्रबंधन ने देखा कि उनकी कमियां निकल रही है तो वे बच्चों को छुट्टी देकर स्कूल बंद कर निकल गए।

आज जैसे ही लापता बच्चे का शव मिला लोग उग्र हो गए। वे विद्यालय में पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ की। प्रदर्शन करते सड़क भी जाम कर दिया। ग्रामीण विद्यालय प्रबंधन पर त्वरित कार्रवाई और दोषी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो पुलिस टीम के साथ मौके पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची और आवश्यक जांच में जुट गई।

इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि बच्चा आवासीय विद्यालय में पढ़ता था, उसकी मौत हुई है। सभी पहलुओं पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

## प्रेमी से झगड़े के बाद युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा, बिजली के पोल पर चढ़कर घंटों किया हंगामा



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर जिले के सोनारी मरीन ड्राइव स्थित बिंदाल मॉल के पास बिजली टॉवर पर चढ़कर कल मंगलवार को एक प्रेमिका ने घंटो हाई वोल्टेज ड्रामा किया। एक युवती हाइटेंशन बिजली टॉवर पर करीब 60 फीट ऊपर चढ़ गयी। जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी, जिससे मरीन ड्राइव रोड पर भी जाम लग गया। टॉवर पर चढ़ी युवती बार-बार अपने प्रेमी को बुलाने की बात कह रही थी। घटना कल मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की है।

घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस समेत कई लोगों ने युवती को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार ही नहीं थी। करीब दो घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। शाम करीब 4:45 बजे दो युवक सोनू कुमार और रोशन कुमार बिजली टॉवर पर चढ़े। उन्होंने युवती को समझाया, इसके बाद क्रेन की सहायता से उसे नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस युवती को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल ले गयी, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस युवती के घरवालों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। साथ ही प्रेमी के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

युवती सरायकेला-खरसावां के कुचाई स्थित जोजोहातु की रहनेवाली है। कल मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह कुचाई से बस से निकली थी। दोपहर करीब 12 बजे जमशेदपुर पहुंची। यहां प्रेमी से मिली, इस दौरान दोनों में किसी बात पर झगड़ा हुआ, जिसके बाद युवती टॉवर पर चढ़ गयी। युवती ने पुलिस को बताया कि उसका शार्दुल लोहरा नामक युवक से पिछले 4 सालों से प्रेम संबंध है।

## पहाड़ों को तोड़े जाने पर सिया के सचिव को हाईकोर्ट ने किया तलब



**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य के विभिन्न जिलों में पहाड़ों को तोड़े जाने और जंगल बचाने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने इस मामले में स्टेट एन्वायरनमेंट असेसमेंट इंपैक्ट अथॉरिटी (सिया) के सचिव को तलब किया है।

सिया के सचिव को चार सितंबर को अदालत में सशरीर उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी अनुराग राय की ओर से अधिवक्ता विपुल दिव्या ने अदालत को बताया कि पहाड़ों को तोड़ा जा रहा है।

उत्खनन के लिए कई पहाड़ों के अस्तित्व को मिटा दिया गया है। इस मामले में सिया और सरकार ने जो शपथ-पत्र दाखिल किया है, वह विरोधाभासी है। जबकि, सिया की ओर से कहा गया कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाती है। अदालत ने जानना चाहा कि राज्य में सिया सक्रिय है या नहीं। पहाड़ों को तोड़े जाने के मामले में सिया की ओर से क्या-क्या कार्रवाई की गई है, लेकिन इस पर सरकार की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले ट्यूशन टीचर को 14 साल सश्रम कारावास की सजा

**रांची, एजेंसी।** दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार गुमला के सिसई गांव निवासी ट्यूशन शिक्षक मधुसूदन बैठा को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 20 अगस्त को दोषी ठहराया था।

पीड़िता ने घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में 12 दिसंबर 2022 को आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह अपनी सहेली के साथ आरोपी के घर पर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। घटना के दिन उसकी सहेली नहीं गई थी और वह अकेली थी। इस दौरान शिक्षक ने अकेली पाकर छात्रा के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। जब वह रोने लगी तो धमकी दी कि इस बारे में किसी को नहीं बताए, नहीं तो परिणाम भुगतने होंगे। घर पहुंची तो आरोपी ने उसके मोबाइल पर कॉल किया और किसी को घटना की जानकारी नहीं देने की बात कही थी।



पत्रकार साकेत कुमार पुरी के साथ चाकू की नोंक पर काठीटांड़ चौक पर रात के 12:45 बजे लूटपाट करने वाले दो आरोपियों रोहित सिंह और मोहित सिंह को तीन-तीन वर्ष की आश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने सुनाई है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को अलग से 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोनों को अलग से तीन-तीन माह की सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में सात साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी राजू महतो को पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने बुधवार को जेल में बिताए गए डेढ़ माह की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 12 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना को लेकर पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाना में 9 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि 9 दिसंबर 2018 को दोपहर के वक्त आरोपी उसकी दुकान में आया और छेड़छाड़ की। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन महीने बाद 7 मार्च 2019 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। डेढ़ महीने जेल में रहने के बाद अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी।

# नौकरी देने के नाम करते थे ठगी, 25 हजार रुपये भी लिए और 179 युवक-युवतियों को बनाया बंधक



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले की घाटशिला थाना और मउभंडार की पुलिस ने फर्जी नेटवर्किंग कंपनी बनाकर 179 युवक-युवतियों को नौकरी देने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों में गोविंदपुर भोला बागान निवासी रोमेन्ट कुमार, डोमचाच का मोहन कुमार राणा, बिहार के वैशाली जिले के शिवम कुमार सिंह और कुलदीप सिंह है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गिरोह का सरगना बिहार के गया जिले के फतेहपुर निवासी राजू यादव, बिहार का समस्तीपुर जिले के तारामौन निवासी सुनील यादव, राहुल रंजन, अनिल, रवि चौहान और अन्य है। फर्जीवाड़ा क्षेत्र में 2023 से चल रहा था। करीब 45 लाख रुपये गिरोह ने बेरोजगारों से वसूला। इधर, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घाटशिला थाना क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर 25 हजार रुपये लालडीह दहीगोड़ा स्थित एमएस रिया इंटरप्राइजेज द्वारा लिया जाता था और उन्हें अन्य दो लोगों को नेटवर्क कंपनी में जोड़ने के लिए दबाव बनाया जाता था।

ऐसा नहीं करने पर युवकों के साथ मारपीट की जाती थी। प्रताड़ित किया जाता था। घर नहीं जाने दिया जाता था।पुलिस तक शिकायत पहुंचने के बाद घाटशिला और मउभंडार ओपी पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने ठगी करने वाली कंपनी के कार्यालय में छापेमारी की। पता चला कि कंपनी फर्जी है।

वहां फर्जी कंपनी कार्यालय में कार्यरत चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि 179 युवक-युवतियों को बंधक बनाकर रखे गया था। जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल, ओडिशा के निवासी है। सभी को उनके घर पर भेजने की प्रक्रिया को शुरू की गई।

वहीं घटना के बाद एमएस रिया इंटरप्राइजेज को सीज कर दिया गया है एवं अन्य दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है और अन्य की छापेमारी जारी है।

बेरोजगार युवक-युवतियों ने बताया कि नेटवर्किंग कंपनी में अच्छे वेतन पर नौकरी देने को बुलाया गया था। इसके बाद 25 हजार रुपये उन सभी से लिया गया। इसमें 10 हजार खाना खिलाने के नाम पर रख लेते थे।

साथ ही हर एक को यह दबाव दिया जाता था। अपने दो--दो सहयोगी को इससे जोड़े और 25-25 हजार रुपये दिलाओ। ऐसा नहीं करने पर प्रताड़ित किया जाता था।

## अपने पसंद का जिलाध्यक्ष नहीं बना सकते हैं विधायक और मंत्री, झारखंड कांग्रेस ने शुरू की तैयारी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस सभी जिलों में जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी के स्तर से तैयारियां कर ली गई है। नई व्यवस्था में विधायकों और यहां तक कि मंत्रियों के लिए भी अपनी पसंद के नेताओं को यह कुर्सी दिलाना आसान नहीं होगा। पूर्व में इस तरह के आरोप लगते रहे हैं कि विधायक अथवा मंत्री ने अपनी पसंद के नेता को जिला अध्यक्ष बनवाने में मदद की। इसके पीछे लंबी तैयारी होती थी, लेकिन अब कांग्रेस ने जो व्यवस्था की है उसमें जिलाध्यक्षों के चयन में तमाम ऐसे लोगों को किनारे कर दिया गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिलाध्यक्षों को बदलने को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि हर जिले से छह लोगों के नाम चुनकर पर्यवेक्षक केंद्रीय नेतृत्व को भेजेंगे।

इन्हीं में से जिलाध्यक्ष के लिए किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी। यह महज इत्तेफाक हो सकता है कि विधायक या मंत्री इस स्तर पर सेटिंग करने में सफल हो जाएं।

विधायकों की पसंद का जिलाध्यक्ष होने से टिकट की दावेदारी में कोई अड़चन नहीं होती है। अन्यथा पार्टी के जिलाध्यक्ष की रजामंदी के बगैर किसी भी उम्मीदवार के लिए टिकट लेना दूभर हो सकता है।

## हजारीबाग भूमि घोटाले मामले में रिटायर्ड आईएएस गिरफ्तार, 18 साल पुराने केस में एसीबी का बड़ा एक्शन

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग भूमि घोटाले में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विनोद चंद्र झा को मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें हजारीबाग जेल भेज दिया गया। इससे पहले इसी मामले में तत्कालीन हजारीबाग उपायुक्त रहे आइएएस विनय चौबे को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

वह वर्तमान में रांची जेल में बंद हैं। एसीबी के अनुसार यह भूमि घोटाला लगभग 18 वर्ष पुराना है। उस समय विनोद चंद्र झा समाज कल्याण पदाधिकारी के साथ भू-अर्जन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

इसी दौरान कथित घोटाले को अंजाम दिया गया। जांच में पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी ने प्राथमिकी कर कार्रवाई तेज कर दी थी। बताते चलें कि शराब घोटाले में पहले से जेल में बंद विनय चौबे को भी इसी भूमि घोटाले में रिमांड पर लिया गया था।




शराब घोटाले में जमानत मिलने के बावजूद वह इस मामले के कारण जेल से बाहर नहीं आ सके हैं।एसीबी ने संकेत दिया है कि जांच अभी आगे बढ़ेगी और कई अन्य लोगों की संलिप्तता उजागर हो सकती है।

यह घोटाला 2008-2009 का है। तब हजारीबाग की एक जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेच दिया गया। उस समय भू-अर्जन पदाधिकारी विनोद चंद्र झा और जिला उपायुक्त विनय चौबे थे।

# गिरिडीह में डोभा में डूबने से दो मासूमों की मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पतरोडीह गांव में दर्दनाक हादसा हुआ। मनरेगा योजना के तहत बने डोभा में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान प्रिंस कुमार (6 वर्ष) और रितिका कुमारी (4 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों मासूम खेलते-खेलते डोभा के गहरे पानी में समा गए और उनकी जिंदगी पर दुखद विराम लग गया।

घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसर गया है। मृत बच्चों के पिता दिनेश दास सूरत में मजदूरी करते हैं। हाल ही में वे अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए गांव लौटे थे। हादसे के दिन बच्चों की मां सोनी देवी भी बीमारी से जूझ रही थीं। ऐसे में प्रिंस और रितिका बुधवार शाम शौच के बहाने घर से निकले और घर के पास बने डोभा के किनारे खेलने लगे। खेल-



खेल में दोनों का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए।

काफी समय गुजर जाने के बाद जब बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन शुरू हुई तो बच्चों के चाचा ने डोभा में उन्हें देखा। तत्काल ग्रामीणों की मदद से दोनों मासूमों को बाहर निकाला गया और बेंगाबाद अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

दो छोटे बच्चों की असमय मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। हर किसी की आंखों में आंसू हैं और गांव का माहौल बेहद दुखद बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि डोभा या अन्य गड्ढों में अगर सुरक्षा घेराबंदी की जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था।

गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा या अन्य योजनाओं के तहत गांवों में बने डोभों और गहरे गड्ढों के चारों ओर सुरक्षा घेराबंदी हो। इससे मासूम बच्चों और ग्रामीणों की जान पर मंडराने वाला खतरा टल सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना से सबक लेते हुए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी कोई त्रासदी न हो।



# क्या चुकंदर खाने से बीपी कंट्रोल होता है?

चुकंदर एक बेहतरीन खाद्य पदार्थ है,अक्सर हम इसे सलाद के तौर पर खाते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इससे बीपी भी कुछ हद तक कंट्रोल हो सकती है?

हाई ब्लड प्रेशर एक आम सी स्वास्थ्य समस्या है लेकिन अगर इसे कंट्रोल नहीं किया जाए तो इससे आपको गंभीर नुकसान हो सकता है दरअसल उच्च रक्तचाप दिल से जुड़ी बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है जो दिल के दौरे और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसे कंट्रोल करने के लिए मेडिकेशन की जरूरत होती है हालांकि बीपी को नेचुरल तौर पर कंट्रोल करने के लिए कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों का अक्सर नाम लिया जाता। इन खाद्य पदार्थों में से एक है चुकंदर। आइए जानते हैं क्या चुकंदर का जूस पीने से या इसे साबुत खाने से बीपी कंट्रोल होता है या नहीं?

ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन के एक स्टडी के मुताबिक उच्च रक्तचाप के जो मरीज रोज 250 पर लीटर चुकंदर का जूस पीते थे उनके रक्तचाप के स्तर सामान्य सीमा में आ गए। दरअसल चुकंदर में एक प्रकार का रासायनिक तत्व होता है जिसे नाइट्रेट कहते हैं। यह नाइट्रेट रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। नाइट्रेट शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाता है जो रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करने में मदद करता है। इससे रक्त का प्रवाह बेहतर होता है और रक्तचाप में कमी आती है। यह सूजन को भी काम करने में मदद करता है।

इस रिसर्च में बताया गया है कि नाइट्रेट का सेवन रक्तचाप को कम करने में प्रभावी साबित हो सकता है और सबसे अच्छी बात यह है कि नाइट्रेट हम चुकंदर के साथ और भी हरी पत्तेदार सब्जियों से प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि या किसी चिकित्सा इलाज का विकल्प नहीं हो सकता है,अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की परेशानी है तो हमेशा इलाज और दवाओं के लिए अपने डॉक्टर से चर्चा करें।





प्रेग्नेंसी में हम अपना बहुत ख्याल रखते हैं, लेकिन इस दौरान कहीं गलती से भी अगर कोई केमिकल आपके शरीर में आ जाता है, तो वह कितना नुकसानदायक हो सकता है इसके बारे में आपको पता होगा।

# प्रेग्नेंसी के दौरान कभी इस्तेमाल ना करें इन इंग्रीडिएंट्स वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को ना जाने कितनी हिदायत मिलती हैं। प्रेग्नेंसी वैसे तो किसी भी महिला के जीवन का एक अलग अनुभव होता है, पर इस दौरान कई सारी समस्याएं भी उन्हें घेर लेती हैं। उन्हें हर चीज के लिए परफेक्ट होना चाहिए। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं की स्किन पर भी कई तरह की दिक्कतें आती हैं। ऐसे में मन करता है कि तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स ट्राई कर लिए जाएं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को जिन चीजों से बचना होता है उनमें से एक केमिकल्स भी हैं। अलग-अलग ब्यूटी प्रोडक्ट्स चाहे जो भी दावा करते हों, लेकिन इनमें कई तरह के केमिकल्स होते हैं।

## रेटिनॉल्स को करें अवॉइड

डॉक्टर दिव्या के मुताबिक, रेटिन-ए या रेटिनॉल में विटामिन ए होता है। विटामिन-ए शिशु के विकास के लिए जरूरी होता है, लेकिन इसकी अधिक मात्रा से बेबी का सिर, दिल, दिमाग और रीढ़ की हड्डी बनने में तकलीफ हो सकती है। कुछ एक्ने मेडिसिन भी होती हैं जिन्हें अवॉइड करना चाहिए। बेहतर है कि इसमें से कुछ यूज करने से पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर लें।

## सैलिसिलिक एसिड और बेंजोइल पेरोक्साइड को करें अवॉइड

डॉक्टर का मानना है कि इसके हाई डोज जन्म संबंधित विकार दे सकता है। इससे हार्मोन्स में गड़बड़ी भी हो सकती है। इसके अलावा, एंड्रोजेन प्रोडक्शन भी बढ़ सकता है जिससे प्रेग्नेंसी के दौरान एक्ने हो सकते हैं।

## स्किन लाइटनिंग प्रोडक्ट्स को करें अवॉइड

कई बार प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को पिगमेंटेशन या मेलास्मा जैसी समस्याएं महसूस होती हैं। हालांकि, यह समय के साथ-साथ चली जाती हैं, लेकिन फिर भी महिलाएं स्किन लाइटनिंग प्रोडक्ट्स यूज कर लेती हैं। यह सही नहीं होते। इसमें हाइड्रोक्विनोन जैसे केमिकल्स होते हैं जिससे थोड़ी दिक्कतें महसूस हो सकती हैं।

## केमिकल सनस्क्रीन को करें अवॉइड

सनस्क्रीन लगाना वैसे तो सभी के लिए जरूरी है, लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं को केमिकल वाली सनस्क्रीन से दूर रहना चाहिए। केमिकल सनस्क्रीन में मौजूद ऑक्सीबेन्जोन और आवोबेन्जोन हार्मोन्स को लेकर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। आप नेचुरल और मिनरल सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकती हैं, जिनमें जिंक ऑक्साइड और टाइटेनियम ऑक्साइड जैसे इंग्रीडिएंट्स हों।

बहुत ज्यादा खुशबू वाले प्रोडक्ट्स को करें अवॉइड भले ही वो कोई ब्यूटी प्रोडक्ट हो या एसेंशियल ऑयल प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए ज्यादा खुशबू वाले प्रोडक्ट्स सही नहीं हैं। कई तरह की खुशबू महिलाओं के लिए कॉन्ट्रैक्शंस और माइग्रेन का कारण बन सकती हैं।

यह हर महिला के लिए अलग अनुभव हो सकता है। कुछ को खुशबू अच्छी लग सकती है और कुछ के लिए यह बहुत परेशानी पैदा कर सकता है।

## पैथालेट्स को करें अवॉइड

आप ऐसे प्रोडक्ट्स जिनमें पैथालेट्स इंग्रीडिएंट्स हों उन्हें अवॉइड करें। डॉक्टर के मुताबिक, इनमें एंडोक्राइन समस्याएं पैदा करने की शक्ति होती है जिससे ना सिर्फ मां, बल्कि शिशु को भी खतरा हो सकता है।



## किन प्रोडक्ट्स को कर सकते हैं यूज?

- डॉक्टर के मुताबिक, लैक्टिक एसिड और ग्लाइकोलिक एसिड से भरपूर प्रोडक्ट्स को यूज किया जा सकता है।
- इसके साथ, आप विटामिन-सी और नियासिनामाइड को भी इस्तेमाल कर सकती हैं।
- हयालूरोनिक एसिड का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। यह स्किन को हाइड्रेशन देगा।
- एलोवेरा स्किन के लिए अच्छा होगा।
- महिलाएं नारियल के तेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।
- फेस वॉश के तौर पर साधारण क्लींजर्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- आप सेरामाइड से भरपूर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।
- प्रेग्नेंसी के दौरान कौन सा प्रोडक्ट इस्तेमाल करना चाहिए और कौन सा नहीं इसके लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करें।



# थायराइड को मैनेज कर सकते हैं ये न्यूट्रिएंट्स, जरूर करें डाइट में शामिल

**थायराइड को मैनेज करने में हेल्दी डाइट की अहम भूमिका है। थायराइड हार्मोन शरीर के कई फंक्शन्स के लिए जरूरी है। इसका लेवल कम या ज्यादा होने पर सेहत पर इसका असर होता है।**

हम सभी सेहतमंद रहना चाहते हैं। हेल्दी रहने के लिए, शरीर में कई विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने पर या हार्मोनल उतार-चढ़ाव होने पर इसका असर हमारी सेहत पर होता है। थायराइड ग्लैंड से जब थायराइड हार्मोन कम या ज्यादा मात्रा में रिलीज होता है, तो इसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। आज के समय में गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के चलते, थायराइड की दिक्कत बढ़ती जा रही है। खासकर, महिलाओं में ये समस्या ज्यादा होती है।

थायराइड को मैनेज करने के लिए,डाइट में कई न्यूट्रिएंट्स का शामिल होना जरूरी है। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं। इन्हें डाइट में शामिल करने से थायराइड को मैनेज करने में मदद मिलेगी।

थायराइड हार्मोन को मैनेज करने के लिए, आयरन बहुत जरूरी है। जब शरीर में आयरन की कमी होती है, तो थायराइड ग्रंथि की काम करने की क्षमता कम हो जाती है। डाइट में आयरन रिच फूड्स को शामिल करें।


कैल्शियम भी थायराइड के लिए एक जरूरी मिनरल है। इसकी कमी से भी थायराइड की दिक्कत हो सकती है। वहीं, अगर आपको थायराइड है, तो उसे मैनेज करने के लिए भी कैल्शियम लेवल का सही होना जरूरी है।

विटामिन-सी शरीर के लिए एक जरूरी न्यूट्रिएंट है। यह इम्यूनिटी को मजबूत करता है। विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सीडेंट थायरॉयड ग्लैंड को सही तरह से फंक्शन करने में मदद करते हैं।

मैग्नीशियम, थायराइड ग्लैंड को सही मात्रा में थायराइड हार्मोन का उत्पादन करने में मदद करता है। यह मूड को सुधारने और स्ट्रेस को कम करने में भी सहायक है।

सेलेनियम, ञ4 को सक्रिय करने में सहायता करता है। यह थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए बहुत जरूरी है।

जिंक की कमी, थायराइड ग्रंथि के सही से काम न करने का कारण बन सकती है। इसलिए, डाइट में जिंक से भरपूर चीजों को शामिल करें।



# सिरदर्द से हैं परेशान तो बनाकर पिएं ये आयुर्वेदिक चाय

दिन भर की थकान को खत्म करना हो या फिर सुबह-सुबह उठकर काम पर जाने से पहले होने वाला सिरदर्द, हमेशा दवा लेना सही ऑप्शन नहीं है। कई बार हमें यह समझ नहीं आता कि सिरदर्द हो क्यों रहा है और हम बिना सोचे-समझे कोई ऐसा उपाय कर लेते हैं जिससे समस्या और बढ़ जाती है। अगर सिरदर्द बार-बार होता है और आपके लिए यह क्रॉनिक हो गया है, तो बेहतर है कि सिरदर्द को खत्म करने का कोई तरीका अपनाया जाए। आयुर्वेदिक डॉक्टर के मुताबिक, हाई ब्लड प्रेशर, हैंगओवर, बुखार, समय पर चाय ना मिलना, स्ट्रेस बढ़ना, मौसम के कारण सिरदर्द होना, इन्सोम्निया, माइग्रेन आदि के कारण हमेशा सिरदर्द बढ़ जाता है। ऐसे में बेहतर है कि आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाए जाएं। कई बार लोग कैफीन एडिक्शन के कारण भी सिरदर्द का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मरीजों को एक स्पेशल आयुर्वेदिक चाय से बहुत राहत मिली है।

किन चीजों के लिए मददगार है यह चाय?

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक, अगर किसी को माइग्रेन की समस्या है, हार्मोनल इम्बैलेंस हो रहा है, हैंगओवर है, डायबिटीज की समस्या है, इंसुलिन रेजिस्टेंस हो रहा है, ब्लोटिंग से परेशान है, फूड क्रेविंग्स बहुत ज्यादा हो रही है, तो इस चाय का असर काफी ज्यादा होगा। यह धीरे-धीरे आपकी इम्यूनिटी को भी बेहतर बनाएगी।

## कैसे बनानी है यह आयुर्वेदिक चाय?

**सामग्री -** ◗ 1 ग्लास पानी ◗ 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन ◗ 1 क्रश की हुई हरी इलायची ◗ 1 बड़ा चम्मच धनिया के बीज ◗ 5 पुदीने की पत्तियां

इसे तीन मिनट के लिए आप उबालें और उसके बाद छानकर सिप-सिप कर पिएं। इसे बहुत ज्यादा गर्म नहीं पीना है आप गुनगुनी चाय पी सकती हैं। इससे सिरदर्द की समस्या में बहुत राहत मिलेगी।

## कौन सा इंग्रीडिएंट करेगा किस समस्या में मदद?

**अजवाइन** - यह ब्लोटिंग, अपच, कफ, सर्दी, डायबिटीज और अस्थमा के लिए मददगार साबित हो सकती है।

**धनिया के बीज** - यह मेटाबॉलिज्म के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इसी के साथ, माइग्रेन और अन्य तरह के क्रॉनिक पेन की समस्याओं को यह खत्म कर सकते हैं। हार्मोनल बैलेंस और थायराइड को ठीक करने के लिए भी इनका इस्तेमाल होता है।

**पुदीने की पत्तियां** - अगर आपको चाय का एडिक्शन है, मूड स्विंग्स बहुत ज्यादा होते हैं, इन्सोम्निया की समस्या है, एसिडिटी है, माइग्रेन है, कोलेस्ट्रॉल से परेशान हैं, तो पुदीने की पत्तियां मददगार साबित हो सकती हैं।

**इलायची** - यह मोशन सिकनेस, जी मिचलाने की समस्या, माइग्रेन और ब्लड प्रेशर की समस्या वाले लोगों के लिए अच्छी साबित होती है। यह स्किन और बालों के लिए भी अच्छी है।

आम चाय की जगह आप सुबह उठकर इस चाय को पी सकती हैं। अगर दिन में कभी सिरदर्द हो रहा है, तो भी इसे चुनें।

डाइट में कोई भी मुख्य बदलाव करने से पहले आपको हमेशा डॉक्टर से इसके बारे में सलाह लेनी चाहिए। अगर आपको इस तरह की परेशानी हो रही है, तो आप पहले डॉक्टर के पास जाएं और अपनी हेल्थ हिस्ट्री शेयर करें। हो सकता है कि कोई एक चीज किसी को सूट कर जाए और दूसरे इंसान के लिए वो नुकसानदेह हो जाए।



## सोने की कीमतों में उछाल, चांदी हुई मजबूत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के भाव में तेजी है। आज बिना जीएसटी 24 कैरेट सोना मंगलवार के बंद भाव के मुकाबले 355 रुपये चढ़कर 101239 रुपये पर पहुंच गया है। जबकि, चांदी के रेट 818 रुपये बढ़ गए हैं। अब चांदी बिना जीएसटी के 116525 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। जीएसटी के साथ सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट गोल्ड 103851 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है। वहीं, जीएसटी समेत चांदी की कीमत 120188 रुपये किलो हो गई है। आइबीजेए के मुताबिक मंगलवार को चांदी बिना जीएसटी 115870 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। जबकि, सोना 100884 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को गणेश चतुर्थी के कारण रेट जारी नहीं हुए थे। अब 24 कैरेट गोल्ड 8 अगस्त के ऑल टाइम हाई 101406 रुपये से केवल 167 रुपये ही सस्ता रह गया है। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 354 रुपये चढ़कर 100480 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 103859 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 325 रुपये तेज होकर 92210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जीएसटी संग यह 95517 रुपये है। आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 266 रुपये बढ़कर 75663 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुली और जीएसटी के साथ यह 78206 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। वहीं 14 कैरेट गोल्ड अब जीएसटी समेत 61001 रुपये पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 25499 रुपये और चांदी 30671 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## मॉरीशस की मंत्री बोलीं- भारत के साथ रिश्ते मजबूत, आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के प्रयास तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और मॉरीशस के बीच गहरे सांस्कृतिक रिश्तों को अब आर्थिक साझेदारी में बदलने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। मॉरीशस की वित्तीय सेवाएं एवं आर्थिक योजना मंत्री ज्योति जीतुन ने बुधवार को कहा, मेरे देश की अधिकांश आबादी की जड़ें भारत के विभिन्न हिस्सों से जुड़ी हैं। इस कारण हमारे बीच एक गहरा सांस्कृतिक, भाषाई और पैतृक रिश्ता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हम इस रिश्ते को आर्थिक साझेदारी में बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं। ज्योति जीतुन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आ रहे आर्थिक बदलावों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, भारत का नेतृत्व केवल कहने की बात नहीं है, बल्कि यह व्यवहार में दिखता है, जो आर्थिक विकास हुआ है उसे शब्दों में बयां करने की जरूरत नहीं है। मैं यहां नीति आयोग से मिलने आई हूं। विकसित भारत अभियान एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। यह केवल कागजों तक ही सीमित नहीं है। इसका क्रियान्वयन हो रहा है और यह मजबूत नेतृत्व के बिना संभव नहीं है। जीतुन ने कहा, हम फिनटेक, आईटी, स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य विज्ञान सहित नए क्षेत्रों के विकास पर काम कर रहे हैं। हम एक समुद्री अर्थव्यवस्था, अक्षय ऊर्जा विकसित करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

# चीन को नियमों में ढील देने की तैयारी में भारत

### लंबे समय से मांग कर रही इंडस्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत सरकार चीन से आने वाले विदेशी निवेश पर लगी कुछ पाबंदियों में कुछ ढील दे सकती है। ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक एक बड़े सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और चीन के बीच सुधरते रिश्तों को देखते हुए ऐसा किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम प्रेस नोट 3 पर दोबारा विचार कर सकते हैं। उनका कहना है कि सभी विकल्प खुले हैं। प्रेस नोट 3 के तहत उन देशों से आने वाले निवेश पर सरकार की पहले मंजूरी लेना जरूरी है जिनका लैंड बॉर्डर भारत से लगा है। कोरोना काल में चीनी कंपनियों को भारत में अधिग्रहण से रोकने के लिए यह नियम बनाया गया था।

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने पिछले महीने सुझाव दिया था कि चीन से आने वाले 24 तक के प्रत्यक्ष विदेशी निवेशके लिए पहले मंजूरी लेने की शर्त को हटा देना चाहिए। हाल के दिनों में भारत और चीन के रिश्तों में सुधार आया है। दोनों देशों के मंत्रियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे के देश का दौरा किया है। दोनों देशों ने सीधी उड़ानें शुरू करने, पर्यटकों को आने की इजाजत देने और सीमा विवादों को सुलझाने के लिए बातचीत तेज करने पर सहमति जताई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी दोनों देशों को करीब लाया है। पिछले हफ्ते चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत आए थे। उनके दौरे के बाद चीन भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स और फर्टिलाइजर्स की सप्लाई करने के लिए तैयार हो गया है।



### इंडस्ट्री की मांग

जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रेस नोट 33 जारी रहेगा, तो गोयल ने कहा, मैं आज की स्थिति के बारे में ही बात कर सकता हूं। जब समय बदलता है, तो स्थितियां बदलती हैं। समय के अनुसार फैसले लिए जा सकते हैं। अमेरिका ने भारत पर 50 टैरिफ लगाया है जिससे भारत को दो-तिहाई निर्यात प्रभावित होने की आशंका है। इसी तरह चीन के साथ भी अमेरिका के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि वह जब चाहें चीन की इकॉनमी को बर्बाद कर सकते हैं।

### प्रेस नोट 3 क्या है?

प्रेस नोट 3 एक नियम है। अप्रैल 2020 में भारत ने प्रेस नोट 3 में बदलाव किया था। इसके तहत भारत के साथ जमीन की सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए सरकार की पहले मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया गया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि घरेलू कंपनियों को जबरदस्ती खरीदने से रोका जा सके। यह कदम चीन को ध्यान में रखकर उठाया गया था। इससे पहले दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़प हुई थी।

## भारत का सामान अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए काफी महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारतीय सामान पर 50 टैरिफ लगाया है। इससे टेक्सटाइल्स, जेम्स एंड जूलरी, कारपेट, फर्नीचर और झींगा के निर्यात पर सबसे ज्यादा असर होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि भारतीय निर्यातकों के लिए अब अमेरिका का बाजार प्रॉफिटेबल नहीं रह गया है। कई दूसरे देशों के मुकाबले भारत का सामान अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए काफी महंगा हो गया है। सवाल यह है कि क्या भारतीय उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिलेगा?

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका जाने वाला ज्यादातर सामान अब घरेलू बाजार में खपाया जाएगा जिससे उनकी कीमत में गिरावट आएगी। लेकिन यह मामला उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। इसकी वजह यह है कि इनमें से कई आइटम जैसे टेक्सटाइल्स और फर्नीचर में मार्जिन बहुत कम है। इसका मतलब है कि इनकी लागत और बिक्री में ज्यादा अंतर नहीं है। लेकिन भारी मात्रा में उत्पादन और एक्सपोर्ट के चलते निर्यातकों की डॉलर में कमाई होती है। साथ ही एक्सपोर्ट के लिए बनाए गए सामान की क्वालिटी बहुत अच्छी होती है। अलग-अलग देशों की जरूरतों के हिसाब से इन्हें तैयार किया जाता है।

### राजन ने यह बात ऐसे समय में कही है

# रूसी तेल खरीदने की चुकानी पड़ रही कीमत...रघुराम राजन ने उठाया सवाल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रूसी तेल खरीदने को लेकर अहम सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना होगा कि इससे देश को फायदा हो रहा है या नुकसान। राजन ने यह बात ऐसे समय में कही है जब भारत रूसी तेल का बड़ा खरीदार बन गया है। इस खरीद के कारण वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 हो गया है। चीन भी रूसी तेल का बड़ा आयातक है। लेकिन, उस पर कोई खास दबाव नहीं है। राजन के अनुसार, भारत को यह सोचने की जरूरत है कि इस नीति से किसे फायदा हो रहा है और किसे नुकसान। इंडिया टुडे के साथ बातचीत में रघुराम राजन ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे कुछ लोगों को फायदा हो रहा है। लेकिन, कुछ लोगों को नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के तौर पर हमें यह देखना होगा कि यह सब कैसे हो रहा है।

### नफे-नुकसान का करना होगा आकलन

चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है। लेकिन, उस पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वहीं, भारत को इस मामले में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रिलायंस जैसी भारतीय कंपनियां रूसी तेल को रिफाइन करके मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन, झींगा, रत्न और आभूषण जैसे छोटे एक्सपोर्टर नुकसान उठा रहे हैं। राजन से सवाल किया गया कि क्या इस नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

इस पर राजन ने कहा कि यह देखना जरूरी है कि हमें इससे कितना फायदा हो रहा है और कितना नुकसान। उन्होंने कहा कि संप्रभुता की बात करना ठीक है। लेकिन, यह शक्ति का खेल है। हमें यह पूछना होगा कि इससे देश में किसे फायदा हो रहा है और किसे नुकसान। राजन ने कहा कि रूसी तेल की कीमत अब बाजार में तेल की कीमत से ज्यादा अलग नहीं है। पहले हम रूस से सिर्फ 2 तेल आयात करते थे। लेकिन, जब रूस पर प्रतिबंध लगे तो रूसी तेल खरीदना हमारे लिए आसान हो गया।

## 5 पर गिर सकता है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिनों में वोडाफोन आइडिया के शेयर में करीब 11 की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर आज गुरुवार 2 से अधिक गिरकर 6.54 रुपये है। इस तेज गिरावट के पीछे कई बड़ी वजहें सामने आई हैं, जिनकी वजह से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। सबसे पहले, कंपनी की कमजोर वित्तीय स्थिति और भारी कर्ज निवेशकों को चिंतित कर रहा है।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी के पास नेटवर्क विस्तार और 5जी रोलआउट के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं है, जिससे इसका भविष्य अनिश्चित दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, विदेशी ब्रोकरेज हाउस मैक्वेरी ने इस स्टॉक पर ' रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस केवल 5 रखा है। इस रिपोर्ट के बाद निवेशकों में और बेचैनी बढ़ गई, जिसकी वजह से शेयर पर बिकवाली का दबाव बना। इसके अलावा प्रतिस्पर्धी कंपनियां जैसे रिलायंस जियो और भारती एयरटेल लगातार अपना नेटवर्क और ग्राहक आधार बढ़ा रही हैं। ऐसे में वोडा आइडिया का बाजार हिस्सा घटने का खतरा और बढ़ गया है।

# सस्ते तेल खरीद का लाभ जल्द गंवा सकता है भारत

- अंतरराष्ट्रीय संस्था बोली- समस्या का तत्काल हल संभव नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात के मोर्चे पर होने वाले नुकसान की भरपाई में भारत सस्ते रूसी तेल की खरीद से हुए लाभ को जल्द गंवा सकता है। चिंता की बात है कि इसका तत्काल कोई समाधान भी नजर नहीं आ रहा है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत ने 2022 की शुरुआत से रूस से तेल आयात बढ़ाकर कम से कम 17 अरब डॉलर की बचत की है।

जीटीआरआई के अनुसार, ट्रंप टैरिफ के कारण चालू वित्त वर्ष में अकेले निर्यात में 40 फीसदी से अधिक या लगभग 37 अरब डॉलर की कमी आ सकती है। टैरिफ के दुष्परिणाम लंबे समय तक रह सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजनीतिक रूप से कमजोर कर सकते हैं, क्योंकि कपड़ा, रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले हफ्तों में भारत की प्रतिक्रिया रूस के साथ दशकों पुरानी साझेदारी को नया आकार दे सकती है। अमेरिका से संबंधों को संतुलित कर सकती है।

### रूस-अमेरिका में एक को चुनने की नहीं है सुविधा

दिल्ली की सामरिक एवं रक्षा अनुसंधान परिषद के संस्थापक हैप्पीमॉन जैकब ने कहा, भारत को रूस से रक्षा उपकरणों के साथ सस्ता तेल, महाद्वीपीय क्षेत्र में भू-राजनीतिक समर्थन और संवेदनशील मामलों में राजनीतिक समर्थन की आवश्यकता है। यही कारण है कि रूस भारत के लिए एक अमूल्य साझेदार है।

जैकब ने कहा, भारत के पास रूस और अमेरिका में से किसी एक को चुनने की सुविधा नहीं है, कम से कम अभी तो नहीं। दरअसल, भारत वाशिंगटन के साथ संबंधों को सुधारना चाहता है और अमेरिकी ऊर्जा की खरीद बढ़ाने के लिए तैयार है। लेकिन, वह रूस से सस्ते कच्चा तेल आयात को पूरी तरह से रोकना भी चाहता है। रूसी कच्चे तेल से भारत की कुल तेल खरीद में करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि यूक्रेन युद्ध से पहले यह लगभग शून्य थी। विश्लेषकों का कहना है कि तत्काल रोक न सिर्फ दबाव में सरेंडर का संकेत होगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी अव्यावहारिक होगा। भारतीय खरीद का नेतृत्व अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज कर रही है।

### नरीमन प्वाइंट और लोअर परेल के पास है

# एक्टर सोनू सूद ने मुंबई में बेचा 8 करोड़ से भी ज्यादा का अपार्टमेंट



**मुंबई, एजेंसी।**
देश की आर्थिक राजधानी मुंबई का जाना-माना इलाका है महालक्ष्मी। इसी महालक्ष्मी इलाके में रियल एस्टेट का एक प्रोजेक्ट है लोखंडवाला मिनर्वा । इसी में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद का एक फ्लैट था। इस फ्लैट को उन्होंने बेच दिया है। खबर है कि यह फ्लैट 8.10 करोड़ रुपये में बिका है।

महालक्ष्मी इलाका मुंबई के टॉप बिजनेस सेंटर्स नरीमन प्वाइंट, वर्ली और लोअर परेल के पास हे। इस इलाके में कॉमर्शियल, रेसिडेंशियल और कल्चरल, हर तरह के रियल एस्टेट हैं। इसलिए यह इलाका नौकरी करने वाले और बिजनेस करने वाले, सभी के लिए सुविधाजनक है। इसी इलाके के लोखंडवाला मिनर्वा में सोनू सूद जो जो फ्लैट बेचा है।

एक्टर सोनू सूद ने साल 2012 में यह प्रॉपर्टी 5.16 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अभी इसे 8.10 करोड़ रुपये में बेचा गया है। मतलब कि इस सौदे में करीब तीन करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इस डील में दो कार पार्किंग भी शामिल हैं। इस प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन पर सरकार को 48.60 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई गई है।

एक्टर सोनू सूद ने साल 1999 में अपने करिअर की शुरुआत की थी। उनकी पहली दो फिल्में कल्लाझागर और नेन्जिनिले तमिल भाषा में थी। उन्होंने 2002 में शहीद-ए-आजम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने भगत सिंह का रोल निभाया था।

### कपास पर आयात शुल्क छूट की समयसीमा दिसंबर 2025 तक बढ़ी

# टैरिफ से जूझ रहे कपड़ा उद्योग को अस्थायी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र ने कपास पर आयात शुल्क छूट को दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला कपड़ा क्षेत्र को अमेरिकी टैरिफ राहत देने के लिए उठाया गया है।



वित्त मंत्रालय के अनुसार इस कदम का उद्देश्य घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। भारतीय कपड़ा क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए केंद्र ने 19 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी रूप से छूट दी थी। निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

### उद्योग जगत की अपील का परिणाम

सीआईटीआई की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि यह निर्णय उद्योग प्रतिनिधियों की लगातार अपील का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय उद्योग के लिए एक शानदार कदम है, और अगर इससे बातचीत को कोई सकारात्मक संकेत मिलता है, तो मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।

इससे पहले भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने मंगलवार को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कपड़ा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा और परिधान क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह रोजगार और आजीविका प्रदान करने वाले सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान वस्तुओं का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है।

# विदेश में मलाईदार नौकरी छोड़ गांव में जमा दिया कारोबार, अब करोड़ों का टर्नओवर, हर कोई हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक सफल उद्यमी की कहानी अक्सर असाधारण मोड़ और अनूठे फैसलों से भरी होती है। कोलकाता के समीर गंडोत्रा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टी टेस्टर के रूप में की। फिर व्हार्टन बिजनेस स्कूल से एमबीए किया और निवेश बैंकर बन गए। लेकिन, उनकी असली पहचान तब बनी जब उन्होंने ग्रामीण भारत की अनदेखी क्षमता को पहचानकर 2019 में फ्रेंडी नाम की मिनी-मार्ट चेन शुरू की। उनका यह फैसला सिर्फ व्यापारिक निर्णय नहीं था। अलबत्ता, ग्रामीण ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें आधुनिक खुदरा अनुभव प्रदान करने का प्रयास भी था। उनकी कंपनी का टर्नओवर अब करोड़ों में है। आइए, यहां समीर गंडोत्रा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

समीर गंडोत्रा का जन्म 1976 में कोलकाता में हुआ था, जहां उनके पिता टी-टेस्टर और उद्यमी थे। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता के जरिये व्यवसाय की चुनौतियों और अवसरों को करीब से देखा। ला मार्टिनियर से स्कूलिंग और सेंट स्टीफेंस कॉलेज से गणित में ग्रेजुएशन करने के बाद




समीर ने कुछ समय तक टी-टेस्टर के रूप में काम किया, जहां वह रोजाना 500 कप चाय का स्वाद चखते थे। इसके बाद उन्होंने व्हार्टन बिजनेस स्कूल से एमबीए किया। 2003 में समीर ने एक निवेश बैंकर के रूप में अपना करियर शुरू किया। कजाकस्तिान में नेल्सन रिसोर्सेज में काम करते हुए वह 2009 तक चीफ बिजनेस ऑफिसर के पद तक पहुंचे। 2018 में समीर अपने माता-पिता के करीब रहने के लिए नौकरी छोड़कर भारत लौट आए। रियल एस्टेट सेक्टर में दोस्तों की मदद करते रहे। इसी दौरान उन्होंने टियर 3 और 4 शहरों में एक बड़े अवसर को पहचाना।

2019 में समीर ने अपने सह-संस्थापक गौरव विश्वकर्मा, निनाद पटेल और हर्षद जोशी के साथ मिलकर फ्रेंडी की शुरुआत की। उन्होंने पाया कि ई-कॉमर्स की चकाचौंध के बावजूद ग्रामीण ग्राहक इससे दूर थे। इसकी मुख्य वजह थी भरोसे की कमी और अंतिम-मील डिलीवरी की चुनौती। इन समस्याओं को हल करने के लिए उन्होंने एक फिजिटल मॉडल (फिजिकल + डिजिटल) बनाया। इस मॉडल में छोटे कस्बों में 500 से 1,000 वर्ग फीट के मिनी-मार्ट स्टोर खोले गए, जो आसपास के गांवों में 50 वर्ग फीट के माइक्रो-स्टोर को सपोर्ट करते हैं।

### अब करोड़ों का टर्नओवर

शुरुआती दौर में फ्रेंडी एक रेफरल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म था, जहां ग्राहक अपनी खरीदारी और दोस्तों को रेफर करने पर छूट पाते थे। धीरे-धीरे उन्होंने इस मॉडल को बदलते हुए कोरोना महामारी के बाद इसे बिगबास्केट जैसा रूप दिया। लेकिन, सिर्फ टियर 3 से 6 शहरों के लिए। अब उनका पूरा ध्यान किराना उत्पादों पर है। 2022 में उन्होंने माइक्रो-स्टोर मॉडल पेश किया, जिसमें वे महिलाओं को सीधे उत्पाद सप्लाई करते हैं।

# विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव नें शीर्ष वरीय निहाल को हराया

### फुजैराह ग्लोबल शतरंज

**फुजैराह ,संयुक्त अरब अमीरात, एजेंसी।** में चल रहे पहले फुजैराह टूर्नामेंट का आगाज़ सनसनीखेज़ अंदाज़ में हुआ। मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन भारत के प्रणव वेंकटेश ने शीर्ष वरीय और हाल ही में एशियन 2025 के रजत पदक विजेता हमवतन निहाल सारिन को मात देते हुए शानदार जीत दर्ज की। काले मोहरो से खेल रहे निहाल सिसिलियन ओपनिंग में खेल के मध्य में लगातार दबाव झेलते रहे, जगह की कमी के कारण उनके मोहरो को खेल में सक्रिय होने में ख़ासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और ऐसे में खेल की 29वीं चाल में उनका ऊंट प्रणव के राजा की ओर फँस गया और बाजी उनके हाथ से निकलने लगी हालांकि खेल की 45वीं चाल में प्रणव की एक गलत चाल से निहाल को वापसी का मौका मिला पर वह इसे भुना नहीं पाये और 71 चाल तक चले मुक़ाबले के बाद वह बाजी हार गए ।



2700 रेटिंग के बेहद करीब निहाल के लिए यह हार बड़ा झटका है और खेल के बाद वह बेहद निराश नजर आए , पिछ्ले ही हफ्ते चेन्नई ग्रांड मास्टर्स में निहाल नें प्रणव को पराजित किया था और इस तरह प्रणव नें अपनी हार का हिसाब निहाल से बराबर कर लिया है ।

सुपर स्टार टूर्नामेंट में कुल दुनिया के चुनिन्दा 44 खिलाड़ी भाग ले रहे है और इसकी औसत रेटिंग 2606 है जो इसे बेहद खास बनाती है और पहले दिन कई उलटफेर देखने को मिले , दूसरे वरीय भारत के रौनक साधवानी को फीडे के अलेक्सी ग्रेबनेव नें ड्रॉ पर रोका तो तीसरे वरीय अमीन तबातबाई को रोमानिया के अलेक्ज़ेंडर मोत्यलेव नें पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया । भारत के एस एल नारायणन ने अमेरिका के जीएम सैम शेंक्लैंड से बाज़ी ड्रॉ खेली तो भारत के प्रणव आनंद नें मेज़बान यूएई के दिग्गज जीएम सलेम सालेह को रोका। ग्रांड मास्टर प्रनेश एम ने मैक्सिको के जीएम जोस मार्टिनेज अलकांतारा के साथ अंक बाँटा। वहीं हंगरी के सनन सुज्गिरोव नें हमवतन एडम कोजक को मात देते हुए अपना पहला अंक बनाया । पहले ही दिन उलटफेर का आलम यह रहा की नौवे वरीय सनन अब पहले बोर्ड पर अपनी दूसरे राउंड की बाजी खेलेंगे तो 12 वें वरीय दूसरे बोर्ड पर 18वें वरीय अभिमन्यु मिश्रा तीसरे बोर्ड पर खेलते नजर आएंगे । मतलब 18 शीर्ष खिलाड़ियो में 15 शीर्ष वरीय खिलाड़ियों को या तो हार या ड्रॉ के परिणाम ही हासिल हुए , इससे हम इस सुपर स्टार वर्ग की कड़ी प्रतिस्पर्धा का अंदाजा लगा सकते है । कुल मिलाकर 44 ग्रांडमास्टर्स के साथ यह टूर्नामेंट 2606 की औसत रेटिंग वाला बेहद मज़बूत आयोजन है। इसमें कुल 1,25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि रखी गई है, जिसमें सुपरस्टार्स वर्ग के लिए 80,000 डॉलर, मास्टर्स वर्ग (2200-2599) के लिए 30,000 डॉलर और ओपन वर्ग (<2200) के लिए 15,000 डॉलर शामिल हैं। शीर्ष तीन पुरस्कार क्रमशः 23,000, 13,000 और 9,000 डॉलर हैं।

मास्टर्स वर्ग भी एक बेहद मजबूत ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट है , पहले बोर्ड पर यूएसए के ग्रांड मास्टर ब्लादिमीर अकोपियन को वॉक के जरिये पहला अंक हासिल हुआ । दूसरे बोर्ड पर भारत के मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन ग्रांड मास्टर कार्तिक वेंकटरमन ने अपने अभियान की शुरुआत जीत से की। उन्होंने भारत के ही गर्व गौर को मात दी। तीसरे बोर्ड पर टर्की के सनल वाहप नें भारत के नामितबीर सिंह वालिया को पराजित करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की । मास्टर्स वर्ग में कुल 202 खिलाड़ी भाग ले रहे है , इसके अलावा ओपन वर्ग में करीब 290 खिलाड़ी भाग ले रहे है , पूरे आयोजन के तीनों वर्गो में कुल मिलाकर 71 देशो के 533 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

## प्रज्ञानंद ने ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, वेसली सो ने सिंकफील्ड कप जीता

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सिंकफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानंद तथा फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेऑफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए। प्रज्ञानंद ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारूआना को हराया, जबकि कारूआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन, कारूआना और प्रज्ञानंद भी क्वालिफाई कर चुके हैं। क्लासिकल वर्ग में सो, कारूआना और प्रज्ञानंद के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैम्पियन डी गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे।



### कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप

## अजीत नारायण ने देश के लिए जीता गोल्ड, निरुपमा देवी को हासिल किया सिल्वर मेडल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष वेटलिफ्टर अजीत नारायण ने पुरुषों के 71 किलोग्राम भारवर्ग में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता तो वहीं निरुपमा देवी सेराम ने महिलाओं की 63 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। 26 साल के अजीत ने कुल 317 किलोग्राम (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल किया और इस दौरान नए रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता। एजेकील मोसेस ने कुल 290 किग्रा (135 किग्रा स्नैच और 155 किग्रा क्लीन एवं जर्क) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में निरुपमा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कुल 217 किग्रा (91 किग्रा स्नैच और 126 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चौबीस वर्षीय निरुपमा के क्लीन एवं जर्क प्रदर्शन ने पिछले राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कनाडा की माउड चारोन ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि कांस्य पदक नाइजीरिया की रूथ इमोलेयो अयोडेले के नाम रहा। भारत ने जूनियर वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 71 किग्रा पुरुष तथा 63 किग्रा महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हेमंत दोइमारी (पुरुष) और बिदुस्मिता भोई (महिला) ने चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### यूएस ओपन

## गत चैंपियन आर्यना सबालेंका तीसरे दौरे में पहुंची

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन के तीसरे दौरे में जगह बना ली है। सबालेंका ने पोलिना कुडेरमेतोवा को हराकर तीसरे दौरे में जगह बनाई।



सबालेंका ने दूसरे दौर के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में पोलिना कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका अगर फाइनल में पहुंचती हैं और खिताब जीतने में सफल रहती हैं, तो सेरेना विलियम्स के बाद दूसरी खिलाड़ी बनेंगी। सेरेना ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन बार यूएस ओपन महिला एकल खिताब जीता था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्केमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया।

### मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को खारिज किया

# वनडे वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी ने अपनी रिटायरमेंट की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 34 साल के शमी ने साफ कहा कि जब तक उनमें खेल के प्रति जुनून और प्रेरणा बनी रहेगी, वह मैदान पर डटे रहेंगे। शमी को इंग्लैंड में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी और 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। शमी ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों पर तीखा जवाब देते हुए कहा,अगर किसी को मुझसे दिक्कत है, तो सामने आकर बताए। मेरे रिटायर होने से किसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी? मैं किसी की जिंदगी में पत्थर क्यों बनूं कि तुम्हें मुझसे रिटायरमेंट चाहिए? जिस दिन मुझे बोरियत होगी, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। आप मुझे न चुनें, न खिलाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं मेहनत करता रहूंगा। घरेलू क्रिकेट में भी खेलने को तैयार शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका न मिले, तो वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप मुझे अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं चुनते, तो मैं घरेलू क्रिकेट खेलूंगा। मैं कहीं न कहीं खेलता रहूंगा। रिटायरमेंट जैसा फैसला तब लिया जाता है, जब आपको लगे कि आप बोर हो गए हैं, जब आप सुबह 7 बजे टेस्ट मैच के लिए उठना नहीं चाहते। लेकिन मेरे लिए अभी वह वक्त नहीं आया। आप चाहें तो मैं सुबह 5 बजे भी उठकर तैयार हो जाऊंगा। ओडीआई वर्ल्ड कप जीतने का अधूरा सपना शमी ने बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप जीतना है, जो उनका एकमात्र अधूरा सपना है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने की याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा,मेरा एक ही सपना बाकी है, वह है वनडे वर्ल्ड कप जीतना। 2023 में हम बहुत करीब थे। हमें भरोसा था, लेकिन नॉकआउट स्टेज में डर भी था। फैंस का उत्साह और समर्थन हमें प्रेरित करता था। शायद उस वक्त मेरी किस्मत में नहीं था, लेकिन मैं 2027 में वहां होना चाहता हूं।

## भारत के 2026 टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं

### जानें पूर्व चयनकर्ता ने क्यों दिया ये बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जहां एक तरह एशिया कप को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने आगामी टी20 विश्व कप में भारत के खिताब संभावनाओं पर संदेह जताया है। श्रीकांत का मानना है कि इस टीम के साथ भारत 2026 का विश्व कप नहीं जीत पाएगा। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %हम इस टीम के साथ एशिया कप तो जीत सकते हैं, लेकिन टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं है। क्या आप इस टीम को विश्व कप में ले जाएंगे? क्या यह टी20 विश्व कप की तैयारी है जो मुश्किल से छह महीने दूर है?




टीम में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय शुभमन गिल की उप-कप्तान के तौर पर वापसी थी जो एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 2-2 से ड्रॉ हुई सीरीज के बाद हुई। गिल ने आखिरी बार जुलाई 2024 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच खेला था। वहीं जनवरी में इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय सीरीज के दौरान अक्षर पटेल उप-कप्तान थे लेकिन अब उन्हें इस पद से हटा दिया गया है जो पूर्व चयनकर्ता अच्छा नहीं लगा। उन्होंने रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को टीम में शामिल करने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वे पीछे चले गए हैं। अक्षर पटेल को उप-कप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा कैसे टीम में आ गए। को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है, लेकिन लगता है कि चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। श्रीकांत ने भारत के लिए 5वें नंबर के बल्लेबाज पर भी प्रश्न किया। उन्होंने कहा, पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से कोई एक होना चाहिए। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते। मुझे समझ नहीं आ रहा कि उन्होंने दुबे को कैसे चुना। यशस्वी जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह क्या करते हैं।



## उत्तराखंड प्रीमियर लीग का दूसरा सीज़न 23 सितंबर से, क्रिकेट और संस्कृति का महाकुंभ फिर लौटेगा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड का सबसे बड़ा खेल और सांस्कृतिक उत्सव, उत्तराखंड प्रीमियर लीग, अपने दूसरे सीज़न के साथ वापसी कर रहा है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने घोषणा की है कि यह लीग 23 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगी। इस बार, लीग का दायरा बढ़ाया गया है, जिसमें सात पुरुषों की टीमें और चार महिलाओं की टीमें हिस्सा लेंगी। यह पिछले सीज़न की तुलना में अधिक है, जो राज्य में क्रिकेट प्रतिभा की निरंतर वृद्धि का एक स्पष्ट संकेत है। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए इस प्रतियोगिता में कुल 30 मैच खेले जाएँगे। सीज़न 2 की शुरुआत 23 सितंबर को महिलाओं की प्रतियोगिता से होगी, जिसमें चार टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। महिला फ़ाइनल 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद, 27 सितंबर से पुरुषों की प्रतियोगिता शुरू होगी, जिसमें सात टीमें एक सप्ताह तक 21 लीग मैच खेलेंगी। पुरुषों का फ़ाइनल 5 अक्टूबर को आयोजित होगा। यूपीएल का उद्देश्य राज्य के भीतर क्रिकेटरों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे भारतीय टीम और आईपीएल में अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के साथ खेल सकें। इससे न केवल लीग का स्तर बढ़ेगा, बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिलेगा। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, यूपीएल प्लेयर ड्राफ्ट 10 सितंबर को देहरादून में होगा, जहाँ सभी टीमें अपनी मार्की खिलाड़ी चुनकर अपनी टीम को अंतिम रूप देंगी। सीएयू के सचिव, महिम वर्मा ने कहा, ÷पहले सीज़न में हमने अपनी क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को देखा। सीज़न 2 में हम एक और बड़ा मंच दे रहे हैं। हमारा मानना है कि यूपीएल उत्तराखंड के क्रिकेटरों के विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशंसकों को विश्व स्तरीय क्रिकेट का अनुभव भी देगा। एसएसपार्क स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक, राजीव खन्ना ने बताया कि टीमों की संख्या बढ़ाने से अधिक खिलाड़ियों को पेशेवर माहौल में खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपीएल सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की खेल भावना का उत्सव है। सीज़न 1 में घरेलू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें युवराज चौधरी, प्रियांशु खंडूरी, अवनीश सुधा, और भानु प्रताप सिंह जैसे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। महिलाओं की प्रतियोगिता में नंदिनी कश्यप और गुंजन भंडारी जैसी खिलाड़ियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन कर महिला क्रिकेट के स्तर को ऊँचा उठाया था, जिससे सीज़न 2 और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

## पीवी सिंधु की दमदार वापसी, विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत बुधवार 27 अगस्त 2025 की रात मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस 16वीं वरीय भारतीय जोड़ी का सामना हॉन्गकॉन्ग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। सिंधु मंगलवार को पहले दौर के मैच में बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ कुछ मुश्किलों से जूझ रही थीं। लेत्शाना के खिलाफ भी पीवी सिंधु को लय हासिल करने में दिक्कत हुई। वह शुरू में मलेशियाई खिलाड़ी को दबाव में नहीं ला सकीं और पिछड़ती रहीं। पर अंत में वापसी करने में सफल रहीं। लेत्शाना आक्रामक शुरुआत की जिससे सिंधु 1-4 से पीछे हो गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने दबदबा कायम रखते हुए अपने 'डाउन-द-लाइन स्मैश' और तेज 'नेट प्ले' से ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। तकनीकी और शारीरिक रूप से मजबूत लेत्शाना के आक्रामक खेल ने सिंधु की अनिरंतरता को उजागर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी पिछड़ती रहीं।







मलेशिया की खिलाड़ी 18-12 के स्कोर पर नियंत्रण बनाए थीं। पर यहीं सिंधु ने वापसी की। उन्होंने लगातार छह अंक बनाकर स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया जिसमें लेत्शाना की एक गलती का भी उन्हें फायदा मिला। मलेशियाई खिलाड़ी दबाव में एक स्मैश वाइड कर बैठीं।

फिर सिंधु ने 19-19 के स्कोर पर संयम बनाए रखा और एक बेहतरीन स्मैश लगाकर 'गेम पॉइंट' हासिल किया। मैच में पहली बार सिंधु आगे निकलीं। भारतीय खिलाड़ी ने बैकलाइन पर लेत्शाना की कमजोर प्रतिक्रिया से अंक हासिल किया। उन्होंने फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के एक और शॉट को लंबा भेजने से गेम अपने नाम कर लिया। पीवी सिंधु ने फिर दूसरे गेम में भी यही लय जारी रखते हुए 5-1 से बढ़त हासिल कर ली। मलेशियाई खिलाड़ी को अपनी गति बनाए रखने में मुश्किल हो रही थी जिससे सिंधु 7-3 के बाद 9-5 से आगे हो गईं।

# सान्या मल्होत्रा का नया कर्ली अवतार



**अभिनेत्री** सान्या मल्होत्रा इन दिनों फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह कर्ली हेयर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। लुक की बात करें तो उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ स्लीवलेस टॉप पहना हुआ है। सान्या ने इसको कैप्शन दिया, छोटे कर्ली हेयर, बड़ी खुशी, नताशा मेरी कर्ल विशेषज्ञ हैं, कर्ली कट के लिए धन्यवाद! अभिनेत्री के पोस्ट करते ही इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मुझे तुम्हारे बालों से प्यार हो गया है। एक यूजर ने लिखा, गॉर्जियस डियर। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपके बाल हैं या मैगी। अभिनेत्री की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म की रिलीज डेट को कई बार बदला जा चुका है। अब इसे फाइनली 2 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय ओबेरॉय, रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल भी हैं। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। इससे पहले दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म के टीजर की झलक इंस्टाग्राम पर दिखाई थी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था, मंडप सजेगी, महफिल जमेगी... पर सनी और तुलसी की एंट्री सारी स्क्रिप्ट बदल देगी। टीजर 28 अगस्त गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी अब बॉक्स ऑफिस पर कांतारा- अ लीजेंड - चैप्टर 1 और हर्षवर्धन राणे की अभिनीत फिल्म एक दीवाने की दीवानियत से टक्कर लेगी।

## लारा दत्ता ने किया खुलासा

# नो एंट्री का बिपाशा बसु वाला रोल लारा को हुआ था ऑफर



साल 2005 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। इसे आज भी लोग देखना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की थी। इसमें सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, बिपाशा बसु, लारा दत्ता, ईशा देओल, सेलिना जेटली और बोमन ईरानी समेत अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में थे। इस फिल्म को रिलीज हुए 20 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म की एक्ट्रेस लारा दत्ता ने खुलासा किया है कि बिपाशा वाले रोल के लिए उन्हें सेलेक्ट किया गया था।



इस फिल्म की एक फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नो एंट्री के 20 साल पूरे हो गए। समय कितनी तेजी से गुजरता है। यह फिल्म हमेशा मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक रहेगी। कॉमेडी में मेरा पहला कदम, मुझे वह रोल मिला था, जो बाद में बिपाशा ने निभाया था। मुझे याद है कि मैंने अनीस बज्मी से कहा था कि काजल का किरदार मेरे अब तक के सबसे अलग किरदारों में से एक है और मुझे एक बेहद शक्की, बड़बोली, पंजाबी पत्नी का किरदार निभाने के लिए खुद को कड़ी चुनौती देनी होगी। हैरानी की बात है कि मैंने उस किरदार को पूरी तरह से अपनाया और उसे निभाते हुए मुझे बहुत मजा आया।

इसी पोस्ट में एक्ट्रेस ने सारे सह कलाकारों को धन्यवाद भी कहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि फरदीन खान ने भी इसे अच्छे से निभाया और ईशा देओल और सेलिना के साथ उनकी अच्छी दोस्ती थी। सलमान खान के साथ पहली बार वो फिल्म में काम कर रही थीं और उनके साथ काम करने को लेकर थोड़ी नर्वस थीं। कुछ दिनों पहले अनीस बज्मी ने बताया था कि इस फिल्म का पार्ट 2 बन रहा है। जब अनीस बज्मी से पूछा गया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब तक रिलीज हो जाएगी, तब उन्होंने बताया, अभी इसमें समय लगेगा क्योंकि मुझे फिल्म की कहानी लिखने में लगभग 2 से 3 महीने लगेंगे। इसके बाद ही हम फिल्म शुरू कर पाएंगे। बताया जा रहा है कि इसे नई कास्ट के साथ बनाया जाएगा। अभी कास्ट के बारे में खुलासा नहीं किया गया है।



# साउथ एक्टर विजय और उनके बाउंसरों पर केस दर्ज

**तमिलगा** वेत्री कझगम के नेता और एक्टर थलापति विजय और उनके बाउंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में आरोप है कि 21 अगस्त को मदुरै में हुई विजय की पार्टी की कॉन्फ्रेंस में एक कार्यकर्ता घायल हो गया था। पुलिस ने विजय और उनके सिक्योरिटी स्टाफ के खिलाफ क्र्हस् की कई धाराओं में केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत शरत कुमार ने दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह उस रैम्प पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिस पर विजय चल रहे थे। तभी बाउंसरों ने उन्हें धक्का दे दिया। शरत ने बताया कि उन्होंने पाइप पकड़कर खुद को संभालने की कोशिश की, लेकिन आखिरकार नीचे गिर गए और उनके सीने में चोट लग गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें शरत को रैम्प से फिसलते हुए देखा जा सकता है। वह पहले रेलिंग पकड़ते हैं लेकिन कुछ देर बाद हाथ छूट जाता है और नीचे गिर जाते हैं।

# लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहब्बत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी



साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे होनहार युवा अभिनेत्रियों में से एक, कृति शेट्टी ने अपनी पहली फिल्म उप्पेना में अपनी सफलता के बाद से भावनात्मक रूप से समृद्ध और युवा भूमिकाएँ चुनने के लिए तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है।

मासूमियत और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस का सुंदर मेल उनकी पहचान बन चुका है। अब वे विनेश शिवन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी में साइंस फिक्शन की दुनिया में बड़ा कदम रख रही हैं, जहाँ वह प्रतीक रंगनाथन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह उनकी फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि वे छोटे शहरों की कहानियों और रोमांटिक कॉमेडी से निकलकर एक हाई-कॉन्सेप्ट फ्यूचरिस्टिक लव स्टोरी में नजर आएंगी, जो तकनीक, टाइम ट्रैवल और भावनाओं के धुंधले दायरों की पड़ताल करती है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र लव इंश्योरेंस कंपनी- फर्स्ट पंच में कृति के किरदार को साल 2040 की एक अनोखी साइंस-फिक्शन दुनिया में पेश किया गया है। सफेद पोशाक में सजी हुई, हाथों में फूल लिए, बारिश में बाहर निकलती कृति एक ऐसा दृश्य पेश करती हैं जिसे भूल पाना मुश्किल है।

# भाई विवेक ओबेरॉय से कभी नहीं रहा अक्षय ओबेरॉय का रिश्ता

### ➲ बोले- हमारे परिवारों की आपस में बनती नहीं थी

अक्षय ओबेरॉय ने पहली बार कजिन विवेक ओबेरॉय संग बॉन्ड पर बात की है। अक्षय ने खुलासा किया कि उनके और विवेक ओबेरॉय के परिवार के बीच कभी नहीं बनी। उनका विवेक ओबेरॉय संग कभी कोई खास रिश्ता नहीं रहा।

बॉलीवुड में ऐसी कई जोड़ियां हैं, जिनके बीच भाई-भाई, भाई-बहन या फिर कजिन का रिश्ता है, पर बहुत ही कम लोग उनके बारे में जानते हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है विवेक ओबेरॉय और अक्षय ओबेरॉय की। दोनों कजिन हैं और एक ही परिवार से हैं, पर बहुत से फिल्ममेकर्स और एक्टर्स तक कई साल तक इस बात से अनजान रहे। खुद विवेक या अक्षय ने भी कभी इस बारे में बात नहीं की कि वो कजिन्स हैं। हालांकि, अब अक्षय ओबेरॉय ने पहली बार विवेक ओबेरॉय और दोनों के परिवारों के बीच रिश्ते पर बात की है। अक्षय ने कहा कि न तो उन दोनों के परिवारों की आपस में कभी बनी और ना ही वह और विवेक रिश्तेदार हैं।

इंटरव्यू में अक्षय ओबेरॉय ने बताया कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए क्यों विवेक ओबेरॉय के नाम का सहारा नहीं लिया। वह बोले, मैं ये बात एक पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि किसी को नहीं पता था कि हम रिश्तेदार हैं। यहां तक कि कास्टिंग करने वालों को भी नहीं। किसी को नहीं पता था। और मैंने कभी इस बात का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं किया। मैंने कभी ये बात इसलिए नहीं कही क्योंकि मुझे क्या मिलता?

### अक्षय ओबेरॉय ने विवेक ओबेरॉय संग रिश्ते पर की बात

अक्षय ओबेरॉय ने आगे कहा, ऐसा भी नहीं था कि मैं उन्हें फोन करके उनसे बात कर पाता। बदकिस्मती से, मैं ये बात गर्व से नहीं, बल्कि दुख के साथ कहता हूं कि हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। तो, मैं उन्हें फोन करके क्या पूछता? मैं बस अपने रास्ते पर चलता रहा।

### अक्षय ओबेरॉय बोले- कोई मेरी मदद नहीं करेगा

यह पूछे जाने पर कि क्या विवेक ओबेरॉय के करियर में आए उतार-चढ़ाव से उनके करियर पर फर्क पड़ा, तो अक्षय ओबेरॉय बोले, मुझे पूरा यकीन था कि कोई मेरी मदद नहीं करेगा। इस फील्ड में मेरा कोई गुरु, गॉडफादर या मार्गदर्शन नहीं था। अब जब मैं किसी मुकाम पर पहुंचने लगा हूं, तो लोग कड़ियां जोड़ने लगे हैं। जर्नलिस्ट मुझसे पूछते हैं, जिन डायरेक्टर्स के साथ मैंने पहले काम किया है, वो कहते हैं, तुमने मुझे कभी बताया ही नहीं। और मैं सोचता हूं कि मैं तुम्हें क्या बताता?

### परिवारों में नहीं बनती, शायद फैमिली के मामले में हम बदकिस्मत रहे

अक्षय ओबेरॉय आगे बोले, कुछ शेयर करने के लिए, कुछ होना जरूरी है, है ना? हमारे परिवारों में कभी बनती नहीं थी, और मैं यहां था। शायद हम एक फैमिली के तौर पर बदकिस्मत रहे। विवेक और उनके पिता, दोनों बहुत अच्छे एक्टर्स हैं, मुझे उस वंश से होने पर गर्व है। लेकिन अगर हम साथ मिलकर काम कर पाते तो मजा आता।



### अक्षय ओबेरॉय का करियर और सुरेश ओबेरॉय संग रिश्ता

मालूम हो कि अक्षय ओबेरॉय वेटरन एक्टर सुरेश ओबेरॉय के भाई कृष्ण ओबेरॉय के बेटे हैं। इस नाते, अक्षय जहां सुरेश ओबेरॉय के भतीजे हुए, वहीं विवेक के कजिन। अक्षय ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। फिर उन्होंने सूरज बड़जात्या की फिल्म इसी लाइफ में से एक्टिंग डेब्यू किया। वह फाइटर, लव हॉस्टल, गैसलाइट के अलावा कई वेब सीरीज भी कर चुके हैं।

साभार एजेंसी



## 'नो फिल्टर नेहा' पॉडकास्ट का किस्सा

# जब नेहा धूपिया ने लीक से हटकर सोचा


नेहा धूपिया बॉलीवुड और भारतीय मनोरंजन जगत का एक जाना-माना नाम हैं। उनका जन्म 27 अगस्त 1980 को कोच्चि, केरल में हुआ था। उनके पिता, कमांडर प्रताप सिंह धूपिया, भारतीय नौसेना में थे और उनकी मां, मंजीत धूपिया, एक गृहिणी हैं।

नेहा ने अपना करियर मॉडलिंग से शुरू किया और साल 2002 में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब जीता। इसके बाद वे मिस यूनिवर्स 2002 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने गईं, जहां वे टॉप 10 फाइनलिस्ट में शामिल हुईं। यहीं से उन्हें ग्लैमर इंडस्ट्री में पहचान मिली। नेहा धूपिया ने बॉलीवुड में 2003 में फिल्म कयामत - सिटी अंडर थ्रेट से डेब्यू किया।

इसके बाद उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया, जिनमें जूली, शीशा, क्या कूल हैं हम, और चुप चुप के जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं। फिल्मों के साथ ही उन्होंने अपना खुद का एक पॉडकास्ट भी शुरू किया। इसका नाम 'नो फिल्टर नेहा' है। यह आज भले ही बहुत लोकप्रिय है, लेकिन इसे शुरू करने का किस्सा काफी अनोखा है। 2016 में जब नेहा ने इस पॉडकास्ट को शुरू करने का फैसला किया, तब भारत में पॉडकास्टिंग का कोई चलन नहीं था। अधिकतर लोग यह मानते थे कि मनोरंजन का मतलब सिर्फ वीडियो है और कोई भी सिर्फ ऑडियो शो नहीं सुनेगा। जब नेहा ने अपने दोस्तों और इंडस्ट्री के लोगों से यह आइडिया शेयर किया, तो उन्हें कई तरह के रिएक्शन मिले।

कोई कहता, यह आइडिया फ्लॉप हो जाएगा, तो कोई कहता, इसे कौन सुनेगा? लोगों ने उनको इसे न करने के बहुत से कारण गिनाए। लेकिन, नेहा को अपने आइडिया पर पूरा भरोसा था। वह जानती थीं कि भारत में, जहां इंटरव्यू के दौरान अक्सर सवाल-जवाब बहुत नियंत्रित होते हैं, वहां एक ऐसा प्लेटफॉर्म होना चाहिए, जहां सेलेब्रिटी बिना किसी फिल्टर के खुलकर बात कर सकें। उन्होंने मशहूर हस्तियों को अपने पॉडकास्ट पर लाने के लिए राजी किया।

जब पहला एपिसोड रिकॉर्ड हुआ, तो कुछ कलाकारों को भी यह अजीब लगा कि वे सिर्फ बोल रहे हैं और कैमरा नहीं है। लेकिन, धीरे-धीरे, उन्होंने इस फॉर्मेट को एन्जॉय करना शुरू कर दिया।



# अमिताभ बच्चन दिवालिया हो गए पर.., आशीष विद्यार्थी ने याद किया बुरा दौर

अमिताभ बच्चन के करियर में एक समय ऐसा भी था जब वे दिवालिया होने के कगार पर थे। अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने उस दौर को याद करते हुए बताया कि कैसे अमिताभ बच्चन मुश्किलों में भी उदार बने रहे। अमिताभ बच्चन अपने करियर के ज्यादातर समय स्टारडम के शिखर पर रहे हैं, लेकिन ये महान अभिनेता ने अपने करियर के एक कठिन दौर से भी गुजरा है। जब उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस ABCL शुरू किया और उसे भारी नुकसान हुआ, तो वे लगभग दिवालिया हो गए थे। इससे भी बदतर, उनका एक्टिंग करियर भी एक बुरे दौर में पहुंच गया था। उस दौर में बच्चन के साथ काम कर चुके अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने हाल ही में उस मुश्किल दौर को याद किया और अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अपने अनुभव शेयर किए। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में, आशीष ने याद किया कि कैसे, कठिनाइयों के बावजूद, अमिताभ बच्चन विचारशील और उदार बने रहे। उन्होंने कहा, मैं उनके साथ मृत्युदाता में काम करना कभी नहीं भूल सकता, जो उनकी वापसी वाली फिल्म थी। उस दौरान मेरे पिताजी बहुत बूढ़े थे और मेरी मां को हाल ही में दिल का दौरा पड़ा था। इसलिए मैं हर रात उनके पास रहने के लिए दिल्ली वापस जाता था और फिर मैं मुंबई के लिए उड़ान भरता था। इसलिए मैंने अमित जी से अनुरोध किया, क्या आप मेरी मां के लिए एक लेटर लिख सकते हैं? वह अपने दिल के दौरे से उबर रही थीं और मैंने अस्पताल में अपनी मां को वह लेटर पढ़कर सुनाया।

# गौरव खन्ना ने बताया अब चाहते हैं बच्चा, लेकिन पत्नी तैयार नहीं, मृदुल से की दिल की बात- बीवी की सोच अलग है

बिग बॉस के घर में नॉमिनेशन के बाद कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ गया है। गौरव खन्ना परिवार शुरू करने की इच्छा जताते हैं, लेकिन पत्नी की अलग सोच है। तान्या मित्तल अपनी निजी जिंदगी पर घरवालों की टिप्पणी से परेशान हैं। दाल को लेकर गौरव और अन्य सदस्यों के बीच तीखी बहस होती है।

**गौरव खन्ना ने बच्चे पर की बात**

बिग बॉस के घर में नॉमिनेशन प्रक्रिया होने के बाद से ही ड्रामा और इमोशनल उथल-पुथल का दौर जारी है। कंटेस्टेंट्स अपने इमोशन्स को खुलकर सबके सामने ला रहे हैं और लोगों को ये पसंद भी आ रहा है। हालिया एपिसोड में अनुपमा एक्टर गौरव खन्ना ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।

बिग बॉस 19 में इस हफ्ते के नॉमिनेशन के बाद, कंटेस्टेंट्स के व्यवहार में आए बदलावों ने एक नया ड्रामा खड़ा कर दिया है। गौरव खन्ना मेन निशाना बनकर उभरे हैं, यहां तक कि उन्हें घर के काम भी सौंप दिए गए हैं। सिंगर अमाल मलिक ने मजाक में यह कहकर तनाव बढ़ा दिया कि गौरव उनकी मां की तरह व्यवहार कर रहे हैं और लगातार उन्हें लिखने के लिए टोक रहे हैं।



**बिग बॉस 19 में कंटेस्टेंट्स ने की दिल की बात**

तान्या मित्तल भी भावुक हो गईं, जब उन्होंने कुनिका को बताया कि घर के सदस्य लगातार उनकी निजी जिंदगी की जांच-पड़ताल कर रहे हैं, जिससे उन पर दबाव पड़ रहा है। कुनिका ने उन्हें सीमाएं तय करने की सलाह दी और तान्या को याद दिलाया कि वह खुद को समझाने या किसी को शादी का ऑफर देने के लिए नहीं हैं। गौरव खन्ना मृदुल से परिवार शुरू करने के बारे में दिल खोलकर बातचीत करते नजर आए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बच्चे चाहते हैं, तो गौरव ने स्वीकार किया कि वह चाहते हैं, लेकिन उनकी पत्नी की सोच अलग है।